● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 160, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



भतीजे को टिकट देकर कोई एहसान नहीं किया : उमा भारती 5

दीप्ति शर्मा ने एक हांथ से लगाए छक्के 6

## मध्यप्रदेश बनेगा वैश्विक वस्त्र विनिर्माण का नया केंद्र : डॉ. यादव

### इंडिटेक्स ने मध्यप्रदेश के ईएसजी मॉडल और टेक्सटाइल इकोसिस्टम को सराहा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की स्पेन यात्रा के दूसरे दिन का फोकस वैश्विक कपड़ा एवं फैशन क्षेत्र के दिग्गजों से निवेश संवाद का रहा। स्पेन के गैलिसिया स्थित इंडिटेक्स मुख्यालय में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को हरित, लागत-प्रतिस्पर्धी और ट्रेसिबल उत्पादन हब के रूप में प्रस्तुत किया। बैठक में इंडीटेक्स समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ व्यापारिक साझेदारी और सतत निवेश की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार टेक्सटाइल क्षेत्र में वैश्विक साझेदारियों के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इंडिटेक्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति से राज्य में आर्थिक विकास, रोजगार सृजन और हरित उत्पादन को गति



मिलेगी। हम इस साझेदारी को सभी स्तरों पर समर्थन देने को तत्पर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार (ईएसजी) मूल्यों को बढ़ावा देती है। वॉटर रिसायक्लिंग, वेस्ट मैनेजमेंट और डीसेंट वर्क स्टैंडर्ड्स राज्य में लागू हैं। इंडिटेक्स की जिम्मेदार सोर्सिंग नीति के साथ मध्यप्रदेश की दृष्टि पूरी तरह से मेल खाती है।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विकसित किये जा रहे ईएसजी (पर्यावरण सामाजिक और सुशासन) मॉड्यूल को वैश्विक स्तर पर सकरात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इंडिटेक्स के श्री जोसे एम रोमाये और मार्था फ्रांकोस रे ने राज्य के ईएसजी मॉडल की सराहना करते हुए इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि मध्यप्रदेश का यह मॉडल स्थिर विकास, समावेशिता और सुशासन के लिये एक रोल मॉडल बन सकता है। उन्होंने प्रदेश में ईएसजी लक्ष्यों को नीति निर्माण में हो रहे प्रयासों और टेक्सटाइल सेक्टर में निवेश के लिये उपलब्ध इकोसिस्टम की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश देश के शीर्ष कच्चा कपास उत्पादक राज्यों में से एक है, जहाँ सालाना लगभग 18 लाख बेल्स (3 लाख मीट्रिक टन) का उत्पादन होता है। राज्य में 15 से अधिक टेक्सटाइल क्लस्टर हैं इसमें इंदौर, मंदसौर, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच जैसे केंद्र टेक्सटाइल उत्पादन में अग्रणी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धार जिले में भारत सरकार की पीएम मित्रा योजना के अंतर्गत विकसित हो रहा टेक्सटाइल मेगा पार्क इंडिटेक्स जैसे वैश्विक ब्रांडों के लिए सस्टेनेबल और इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग का आदर्श केंद्र बन सकता है।मुख्यमंत्री डॉ यादव ने इस पार्क में गारमेंटिंग यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव रखा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश भारत का अग्रणी ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादक है। राज्य में यहां विशेषकर निमाड़ और मालवा क्षेत्रों में बहुतायत में कॉटन का उत्पादन होता है। यहाँ जीओटीएस-सर्टिफाइड किसान समूह सक्रिय हैं, जो इंडिटेक्स की सस्टेनेबिलिटी और ट्रेसिबिलिटी नीतियों के लिए आदर्श साझेदार हो सकते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फार्मर-टू-फैब्रिक वैल्यू चेन पर इंडिटेक्स के साथ मिलकर काम करने का सुझाव दिया।

## पेट्रोल-डीजल के दाम घट सकते हैं : पुरी

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल-डीजल के दाम कम हो सकते हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि अगर कच्चे तेल की कीमत लंबे समय तक 65 डॉलर प्रति बैरल पर बनी रहती हैं, तो उम्मीद कर सकते हैं कि अगले 2-3 महीनों में पेट्रोल-डीजल के दाम में कटौती हो। ये बात उन्होंने दिल्ली में चल रही 'ऊर्जा वार्ता 2025' में कही।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थिर स्थिति पर निर्भर करता है। अगर कोई बड़ा भू-राजनीतिक घटनाक्रम, जैसे ईरान-इजराइल तनाव होता है, तो स्थिति बदल सकती है। दरअसल, तेल की कीमतें हाल 65 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई हैं, जिससे ऑयल मार्केटिंग कंपनियों मुनाफा बढ़ रहा है। ऐसे में सरकार पेट्रोल-डीजल के दाम घटाकर जनता को राहत दे सकते हैं।

कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 15 तक का फायदा रेटिंग



एजेंसियों के अनुसार मौजूदा समय में तेल कंपनियों को पेट्रोल पर प्रति लीटर 12-15 और डीजल पर 6.12 का मुनाफा हो रहा है। इसके बावजूद, तेल कंपनियों ने पिछले एक साल से पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की है।

बीते कई महीनों से संभावना है कि तेल कंपनियां दाम घटाएंगी, लेकिन सरकार ने अप्रैल में 2 लीटर एक्साइज ड्यूटी बढ़ा दी थी। इसकी आड़ में कंपनियां दाम घटाने से बच गईं। लंबे समय से तेल कंपनियां घाटे का हवाला देकर दामों में कटौती से बच रही हैं।

पेट्रोल पर प्रति लीटर करीब 22 टैक्स ले रहा है केंद्र पेट्रोल पर केंद्र सरकार 21.90 टैक्स लेती है। दिल्ली की सरकार 15.40 वैट लेती है। कुल टैक्स 37.30 लीटर है। डीजल पर केंद्र सरकार 17.80 प्रति लीटर केंद्र सरकार लेती है। दिल्ली सरकार वैट के रूप में 12.83 लीटर ले रही है।

दोनों को मिलाकर कुल टैक्स 30.63 लीटर है। देश में हर माह हर व्यक्ति की पेट्रोल की खपत औसतन 2.80 लीटर और डीजल की 6.32 लीटर/माह है। यानी वह पेट्रोल पर हर माह 104.44 और डीजल 193.58 हर माह टैक्स देता है। दोनों को मिलाकर प्र?ति महीने 298 होता है।

देश में सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में देश में अभी सबसे महंगा पेट्रोल आंध्र प्रदेश में है। यहां एक लीटर पेट्रोल 108 रुपए प्रति लीटर है। इसके बाद केरल में 107 रुपए /लीटर, मध्य प्रदेश में 106 रुपए /लीटर और बिहार में 105 रुपए लीटर है।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर राहुल गांधी हमलावर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि बिहार में वोटरों की लिस्ट में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर वोटों की चोरी की जा रही है। राहुल ने पूछा है कि क्या चुनाव आयोग अब भारतीय जनता पार्टी की 'इलेक्शन चोरी ब्रांच' बन चुका है?

राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बिहार में 'एसआईआर' के नाम पर चुनाव आयोग वोट की चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। काम सिर्फ चोरी, नाम एसआईआर और जो इसे उजागर करे, उस पर दर्ज



हो रही है एफआईआर। उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग अब चुनाव आयोग ही रह गया है या भाजपा की इलेक्शन चोरी ब्रांच बन चुका है?

चुनाव आयोग ने इस मुद्दे पर पहले ही सफाई दी थी। आयोग का कहना है कि बिहार में 22 साल बाद यह विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) हो रहा है, जिसका उद्देश्य फर्जी नामों, मृतकों और दोहराए गए मतदाताओं को हटाना है। साथ ही नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का काम किया जा रहा है। चुनाव आयोग का दावा है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और कानूनी दायरे में हो रही है।

बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले इस तरह की प्रक्रिया को लेकर विपक्षी दलों ने सवाल खड़े किए हैं। उनका आरोप है कि एसआईआर की आड़ में करोड़ों भारतीय नागरिकों को सिर्फ नागरिकता दस्तावेजों के अभाव में वोटर लिस्ट से बाहर किया जा सकता है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिन पर सुनवाई जारी है।

## हड़बड़ी वाले निष्कर्ष का कोई मतलब नहीं, विदेशी मीडिया की रिपोर्ट को विशेषज्ञों ने किया खारिज

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद में 12 जून को हुए विमान हादसे को लेकर अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट को लेकर भारत में विमानन विशेषज्ञों के बीच असंतोष बढ़ गया है। इसमें फ्यूल स्विच को लेकर बड़ा दावा किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विमान के कैप्टन ने फ्यूल स्विच को बंद कर दिया था। वॉल स्ट्रील जर्नल की इस रिपोर्ट की भारत में व्यापक स्तर पर आलोचना हो रही है। पायलट्स एशोसिएशन के साथ ही कई विमानन विशेषज्ञों ने इसे खारिज किया है और कई गंभीर सवाल उठाए हैं।

## एचडी कुमारस्वामी के खिलाफ अवमानना कार्यवाही पर सुप्रीम रोक

### एनजीओ को जारी किया नोटिस, जमीन हड़पने का मामला

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के एक गांव में जमीन हड़पने को लेकर केंद्रीय मंत्री एचडी कुमार स्वामी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर एचडीकुमार स्वामी की याचिका पर संज्ञान लेते हुए आरोप लगाने वाले एनजीओ समाज परिवर्तन समुदाय को नोटिस जारी किया है। एनजीओ ने कुमारस्वामी और उनके परिवार के सदस्यों पर बिदादी के केथागनहल्ली गांव में बड़े पैमाने पर भूमि अतिक्रमण का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की पीठ



ने कहा कि एक खंडपीठ की ओर से 14 जनवरी, 2020 को पारित आदेश की कथित अवज्ञा के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष अवमानना की कार्यवाही लंबित है। याचिका में उपरोक्त आदेश उच्च न्यायालय द्वारा अतिरिक्त महाधिवक्ता के बयान के आधार पर पारित किया गया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि राज्य कर्नाटक लोकायुक्त द्वारा पांच अगस्त, 2014 को पारित आदेश का तीन सप्ताह की अवधि के भीतर पालन करेगा। पीठ ने कहा कि लोकायुक्त का आदेश विस्तृत था, लेकिन प्रकृति में मध्यवर्ती था और बाद में लोकायुक्त ने तीन मार्च, 2021 को कार्यवाही बंद कर दी। शीर्ष अदालत में केंद्रीय मंत्री के वकील सीए सुंदरम ने कहा कि लोकायुक्त के अंतरिम आदेश पर अवमानना की कार्यवाही नहीं हो सकती। क्योंकि मामला लोकायुक्त ने ही बंद कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि संबंधित समय पर याचिकाकर्ता अवमानना कार्यवाही में पक्षकार नहीं था, लेकिन फिर भी उसके खिलाफ बेदखली की कार्रवाई की गई।

## निमिषा प्रिया की मदद के लिए सरकार कर रही सभी प्रयास

**नई दिल्ली।** यमन में फांसी की सजा का सामना कर रहीं भारतीय नर्स निमिषा प्रिया के मामले में विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि भारत सरकार उनकी मदद के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया, हमने कानूनी मदद उपलब्ध कराई है और उनके परिवार की सहायता के लिए एक वकील भी नियुक्त किया है। हम स्थानीय अधिकारियों और उनके परिवार के संपर्क में हैं ताकि इस मामले का कोई समाधान निकल सकें। उन्होंने आगे कहा कि बीते कुछ दिनों में यह कोशिश की गई है कि पीड़ित परिवार को ज्यादा समय मिले ताकि वे दूसरी पक्ष के साथ कोई आपसी सहमति बना सकें।

## तेजस्वी यादव ने मतदाता सूची में संशोधन पर उठाये सवाल

### कहा- चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक नहीं

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाया है। उन्होंने चुनाव



आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली लोकतांत्रिक नहीं है। बिहार में मतदाता सूची में संशोधन के नाम पर जानबूझकर वोटरों के नाम काटा जा रहा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि 30 तारीख को मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर दिल्ली में एक बैठक का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गठबंधन के सभी घटक शामिल होंगे। मैं वहां इस बात को सबके सामने रखूंगा। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि सूत्रों के हवाले से एक खबर आई कि 35 लाख नाम हटाए जाएंगे। एक अंग्रेजी अखबार का हवाला देते हुए तेजस्वी यादव ने कहा कि सूत्रों के हवाले से एक खबर आई कि तीन दिन पहले इस अखबार में जो डाटा दिया गया है वही डाटा आज भी दिया गया है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल

### ईडी की चार्जशीट में कई और नाम

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में आरोप पत्र दायर कर दिया है। इसमें कई अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने शिकोहपुर भूमि सौदा मामले में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की है। मामला सितंबर 2018 का है, जब सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री



भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर में भ्रष्टाचार, जालसाजी और धोखाधड़ी सहित अन्य आरोप लगाए गए हैं। वाड्रा पर आरोप हैं कि उनसे जुड़ी कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड ने ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज से 7.5 करोड़ रुपये में 3.5 एकड़ जमीन खरीदी थी। इस सौदे का म्यूटेशन भी असामान्य तरीके से कर दिया गया। आरोप है कि हरियाणा के तत्कालीन भूपेंद्र सिंह हुड्डा की सरकार ने इस जमीन में से 2.70 एकड़ जमीन को कमर्शियल कॉलोनी के तौर पर डेवलप करने की इजाजत देते हुए रॉबर्ट वाड्रा की कंपनी को इसका लाइसेंस दिया था। आवासीय परियोजना का लाइसेंस मिलने के बाद जमीन की कीमत बढ़ गई। बाद में वाड्रा से जुड़ी कंपनी ने कंपनी ने ये जमीन डीएलएफ को 58 करोड़ में बेच दी।

## न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा बने मप्र हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने दिलाई शपथ

**भोपाल।** न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने गुरुवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति सचदेवा मई माह से मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे। अब उन्हें राज्य के उच्च न्यायालय का 29वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। समारोह के दौरान प्रदेश के मुख्य सचिव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जारी वह अधिसूचना पढ़कर सुनाई, जिसमें न्यायमूर्ति सचदेवा को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किए जाने की घोषणा की गई थी। दिल्ली में 26 दिसंबर 1964 को जन्मे न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने 1985 में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली से वाणिज्य (ऑनर्स) में स्नातक की डिग्री प्राप्त की।

## मुख्यमंत्री ने चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के 29वें मुख्य न्यायाधिपति की शपथ लेने पर न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा को बधाई दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उनका अनुभव, न्याय के प्रति प्रतिबद्धता, दूरदृष्टि और अनुशासन निश्चित ही भारतीय न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी अपने संदेश में कहा कि श्री सचदेवा अपने कार्यकाल में संवैधानिक मूल्यों की रक्षा, मौलिक अधिकारों की प्रतिष्ठा और शीघ्र एवं निष्पक्ष न्याय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें तथा न्याय एवं संविधान की गरिमा को नई दिशा दें, यही शुभकामनाएं हैं।

## इंदौर लगातार 8वीं बार भारत का सबसे स्वच्छ शहर

### सूरत दूसरे और नवी मुंबई तीसरे नंबर पर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के वार्षिक स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर को लगातार आठवीं बार भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिला। ऐसे ही सूरत को दूसरा स्थान मिला। इससे पहले मध्य प्रदेश का इंदौर लगातार सात बार देश के सबसे स्वच्छ शहर बनने का खिताब हासिल कर चुका है। इस बार इंदौर को स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 की सुपर लीग में शामिल किया गया। सुपर लीग में सिर्फ उन्हीं 23 शहरों को शामिल किया गया, जो अब तक हुए सर्वेक्षणों में पहले, दूसरे या तीसरे स्थान पर रहे हैं। इंदौर ने सुपर लीग 2024-25 में भी बाजी मार ली है। सर्वेक्षण के नतीजे गुरुवार को घोषित किए गए। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय (एमओएचयूए) की ओर से आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान किए। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री मनोहर लाल और अन्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकार के मुताबिक, स्वच्छ सर्वेक्षण मिशन का मकसद बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना है। इसके साथ ही इससे समाज के सभी वर्गों के बीच कस्बों और शहरों को रहने के लिए बेहतर स्थान बनाने के लिए मिलकर काम करने के लिए जागरूक करने का प्रयास किया जाता है।

## यूपी के प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी सरकार

### जिलों के सात मंदिरों का होगा सौंदर्यीकरण

**लखनऊ।** पर्यटन विभाग, यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. और यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. के सहयोग से प्रदेश भर में पर्यटन ढांचे को मजबूत करने के लिए कई परियोजनाएं शुरू करने की तैयारी है। इसके तहत सरकार कई प्राचीन शिव मंदिरों का कायाकल्प करेगी। इनमें से अधिकांश मंदिर, पिछली सरकारों में उपेक्षा के कारण दुर्दशा के शिकार थे।

बीते आठ साल में प्रदेश सरकार ने 188 प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प व सौंदर्यीकरण कराया है। सीएम के निर्देश से हो रहे इन कार्यों से न सिर्फ धार्मिक पर्यटकों व तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ रही है बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और रोजगार के अवसरों को भी बल मिल रहा है।

इसी क्रम में आगरा के फतेहाबाद में भट्टा की पिपरी मौजा मेवाली खुर्द स्थित शिव मंदिर परिसर, फिरोजाबाद में चकलेश्वर महादेव मंदिर और समौर बाबा मंदिर क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कार्य यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराने की तैयारी है। गोरखपुर में भूलेश्वर मंदिर, खजनी महादेव शिव मंदिर और झारखंडी महादेव मंदिर के



साथ गोंडा में तीरे मनोरमा मंदिर का पर्यटन विकास यूपी स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लि. द्वारा किया जाएगा। तो मैनपुरी जिले में घंटाघर का सौंदर्यीकरण यूपी प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लि. से कराया जाएगा।

वहीं, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मिर्जापुर मंडल के तीन जिलों मिर्जापुर, भदोही और सोनभद्र में ग्रामीण पर्यटन विकास रणनीति तैयार करने और ग्रामीण होमस्टे विकसित करने के लिए एक एजेंसी का चयन किया जा रहा है। इसके तहत कुल 8 गांव में इस योजना को लागू करते हुए ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा।

पर्यटन के माध्यम से स्थानीय हस्तशिल्प, खाद्य उत्पादों और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। इन पर्यटन विकास परियोजनाओं से होटल, रेस्तरां, परिवहन, गाइड सेवाओं और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में नए रोजगार के द्वार खुल रहे हैं।

### यूपी बन रहा देश का अग्रणी पर्यटन गंतव्य

उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी पर्यटन गंतव्य स्थल बन रहा है। प्रदेश सरकार हैरिटेज पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है। सरकार 11 विरासत स्थलों को विकसित करने की रूपरेखा बना चुकी है।

# सोन-गोपद नदी उफान पर, बाढ़ के हालात

## चितरंगी क्षेत्र के 29 गांव में अलर्ट, विद्यालय परिसर में भरा पानी

**सिंगरौली।** जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गये हैं। चितरंगी क्षेत्र के सोन एवं गोपद नदी का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गये हैं। प्रशासन ने सोनतराई अंचल के 29 गांव के लोगों को अलर्ट में रहने के लिए कहा है।

गौरतलब है कि जिले में पिछले दो दिनों से हो रही बारिश से जन जीवन प्रभावित हुआ है। वही क्षेत्र में बाढ़ जैसे हालात निर्मित हो गये हैं। आलम यह है कि 17 जुलाई को चितरंगी क्षेत्र में सर्वाधिक 147 मिमी, देवसर में 106 मिमी बारिश दर्ज की गई है। हालांकि सिंगरौली में 87, सरई में 99 एवं माड़ा में 83 मिमी बारिश हुई है। कुल बारिश 103 मिमी व अब तक कुल बारिश 554 मिमी दर्ज की जा चुकी है। जबकि पिछले वर्ष आज की स्थिति में मात्र 189 मिमी हुई थी। जिले के दूरस्थ अंचल चितरंगी क्षेत्र में हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। आलम यह है कि





सोन एवं गोपद नदी का जल स्तर बढ़ने के कारण खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। क्योटली एवं चितावल सोन नदी पर बनी पुल के समीप पानी पहुंचने के कारण गढ़वा एवं नौडिहवा पुलिस ने बैरियर लगाकर आवागमन रोक दिया है। साथ ही प्रशासन ने सोनतीर इलाके के 29 गांव में बाढ़ की खतरा को देखते हुये अलर्ट जारी करते हुये सोनतीर इलाके के लोगों को सतर्क रहने के लिए कहा है। इधर मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के कई नदी-नाले उफान पर हैं। ग्राम फुलकेश के सुखसैन नाई का कहना है कि करीब पॉच साल बाद सोन नदी का जल स्तर इतना बढ़ा है और अभी जिस वेग से सोन एवं गोपद नदी का जल स्तर बढ़ रहा है, ऐसे में घरों तक बाढ़ का पानी आना संभव है। ग्राम गांगी निवासी लवलेश सिंह चौहान ने बताया कि जिस वेग से नदी का पानी बह रहा है, ऐसे में बाढ़ का खतरा मड़रा रहा है। क्षेत्र में करीब 12 घंटे के अधिक समय तक हुई मूसलाधार बारिश से क्षेत्र के खेत, तालाब, बांध पानी से लबालब भर गया है। चारोतरफ जहां-जहां नजरें जाती हैं, वहां पानी ही पानी नजर आ रहा है। चितरंगी ब्लॉक के ओड़नी एवं केकरांव गांव के कई घरों में पानी इस तरह घुसा है कि लोगबाग परेशान हैं। हालांकि बुधवार की दोपहर तक बारिश से राहत थी, लेकिन दोपहर के बाद फिर से अंचल में बारिश का दौर जारी है।

तहसील चितरंगी क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जहां सोन नदी उफान पर हैं। वही नाले भी रौद्र रूप दिखा रहे हैं। तालाबो में लबालब पानी हिचकोले मार रहे हैं। जो खतरे को संकेत दे रहे हैं। चितरंगी क्षेत्र में हो रही लगातार बारिश के चलते केकरांव गांव का तालाब लबालब भर गया है। बताया जाता है कि तालाब के पानी निकासी की व्यवस्था नही की गई है। जिसके चलते तालाब का पानी विद्यालय की ओर बढ़ रहा है। भारी बारिश के चलते तालाब का पानी विद्यालय में प्रवेश किया। जिससे विद्यालय परिसर में लबालब पानी भर गया है। विद्यालय में पानी भरने के चलते विद्यार्थियों को भी विद्यालय आने-जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि आज विद्यालय में पानी भर जाने के चलते अधिकांश बच्चे डर के चलते विद्यालय नही आये।

# रेलवे के प्लेटफॉर्म फुटपाथ पर जगह-जगह भरा बारिश का पानी

**प्लेटफॉर्म का उन्नयन एवं मरम्मत कार्य जल रहा कछुए की गति से, बारिश के पानी में भीग रहे मुसाफिर**



**सिंगरौली।** रेलवे प्लेटफॉर्म का फुटपाथ में इन दिनों जगह-जगह बारिश का पानी जमा होने से कीचड़ ही नजर आ रहा है। जहां आने-जाने वाले मुसाफिरों को इन दिनों भारी परेशानी हो रही है। आरोप है कि रेलवे प्रबंधन मुसाफिरों को बेहतर सुविधा देने में अब तक असफल रहा।

दरअसल जिले में इन दिनों बारिश का क्रम जारी है। इस बारिश से जन जीवन जहां प्रभावित है, वही बरगवां स्थित रेलवे स्टेशन की व्यवस्था बदहाल है। आलम यह है कि बारिश होने से स्टेशन के प्लेटफॉर्म के फुटपाथ में जगह-जगह इस तरह पानी भरा है कि मुसाफिरों का आना-जाना भी मुश्किल हो रहा है। मजबूरी बस मुसाफिर कीचड़ एवं पानी से होकर आ जा रहे हैं। यह समस्या बारिश के दिनों ज्यादा है। वही प्लेटफॉर्म पर मुसाफिरों को ठहरने के लिए भी पर्याप्त सेड नही है। जिसके चलते मुसाफिर इस बारिश में भीगते रहते हैं। जबकि यहां बताते चले कि बरगवां रेलवे प्लेटफॉर्म का करीब एक साल के अधिक समय से उन्नयन एवं मरम्मत कार्य चल रहा है। लेकिन आरोप है कि उक्त कार्य काफी मंथर गति से चलने के कारण मुसाफिरों की फजीहत हो रही है। आरोप यह भी है कि रेलवे प्रबंधन संविदाकार पर दबाव भी नही बना पा रहा है। जिसके चलते रेलवे प्लेटफॉर्म उन्नयन का कार्य काफी मंथर गति से चल रहा है।

## थाना चौकियों द्वारा आयोजित किये गये कार्यक्रम

**सिंगरौली।** थाना विंध्यनगर द्वारा डीपीएस विद्यालय विंध्यनगर में नशा मुक्ति पर विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एएसपी अभिषेक रंजन ने नशे के दुष्प्रभावों, रोकथाम व सामाजिक जिम्मेदारी पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला और विद्यार्थियों से संवाद करते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। विद्यालय प्राचार्य जनार्दन पाण्डेय, टीआई अर्चना द्विवेदी, उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय एवं समस्त थाना स्टाफ की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को टी-शर्ट, कैप एवं बैच वितरित किए गए और उन्हें नशा मुक्ति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में रील्स व शॉर्ट फिल्मों का प्रदर्शन कर छात्रों को नशे के खतरों से अवगत कराया गया एवं सामूहिक रूप से नशा न करने, न किसी को करने देने तथा समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई।

# पूरे देश में ननि को स्वच्छता सर्वेक्षण रैकिंग में मिला चौथा स्थान

**ननि सिंगरौली को 50 हजार से 3 लाख की आबादी में चयन, आयुक्त ने कहा हमे स्वच्छता में और आगे बढ़ना है**




**सिंगरौली।** नगर पालिक निगम सिंगरौली ने स्वच्छता सर्वेक्षण नेशनल रैंकिंग में चौथा स्थान प्राप्त किया है।
नगर निगम को यह उपलब्धि 50 हजार से 3 लाख की जनसंख्या वाले नगरो के बीच जारी रैंकिंग प्राप्त हुआ। वही प्रदेश में ननि को तीसरा स्थान मिला है। निगम की यह रैंक 50 हजार से तीन की आबादी वाले जिलों की कैटेगरी में है। इसके साथ निगम को वाटर प्लस का टैग भी प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त ने कहा कि यह उपलब्धि महापौर रानी अग्रवाल, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सहित पार्षद गणो जन प्रतिनिधियों के सहयोग एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में मिली है। उन्होंने कहा रैंक मे केवल ननि के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित आमजन को बहुत योगदान रहा है। निगमायुक्त ने कहा कि इस उपलब्धि के लिए मैं सभी के प्रति हृदय आभार व्यक्त करता हूँ। उन्होंने कहा कि आज हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं कि आगले वर्ष स्वच्छता के लिए देश एवं प्रदेश स्तर से जारी होने वाली रैंकिंग अच्छे अंक प्राप्त कर सिंगरौली नगर निगम को पहले पायदान में लाने का सफल प्रयास करेंगे।

## संभागायुक्त ने प्रभारी प्राचार्य खटाई को किया सस्पेंड

**सिंगरौली।** शाउमा विद्यालय खटाई के प्रभारी प्राचार्य जयकांत कुमार को कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के प्रस्ताव पर कमिश्नर बीएस जामोद ने सस्पेंड कर दिया है। 23 निःशुल्क साइकिलो के अवैध भण्डारण का भण्डाफोड़ होने के बाद डीईओ एसबी सिंह ने जांच प्रतिवेदन कलेक्टर के प्रस्तुत किया था। गौरतलब है कि चितरंगी ब्लॉक के ग्राम खैरा स्थित एक घर में चितरंगी पुलिस ने छापामार कार्रवाई कर सरकारी 23 निःशुल्क साइकिलो को बरामद करते हुये पता किया था, तो ज्ञात हुआ कि उक्त साइकिलो को गुपचुप तरीके से खटाई विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य ने सीतादेवी पति मुन्नालाल केवट के घर में रखा था। चितरंगी टीआई सुधेश तिवारी ने साइकिलो को बरामद करने के बाद डीईओ एवं बीईओ को सत्यापन कराने के लिए पत्राचार किया था। जहां कलेक्टर ने डीईओ ने चितरंगी थाना पहुंच जप्त साइकिलो को बीईओ मिश्रीलाल सिंह के साथ सत्यापन किया। जहां आरोप सही पाया गया और बीईओ चितरंगी ने थाने में प्रभारी प्राचार्य खटाई जयकांत कुमार के खिलाफ रिपोर्ट किया था।

# सड़क हादसे को लेकर आप के नेताओं ने किया पैदल मार्च

## परसौना से कलेक्ट्रेट पहुंची रैली, प्रशासन को सौपा मांग पत्र

**सिंगरौली।** जिले में लगातार हो रहे सड़क हादसे को लेकर कई संगठनो और सत्तादल को छोड़ कर अन्य राजनैतिक पार्टियों ने सरकार को आड़े हाथ लेते हुये लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। वही आज आम आदमी पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष व सिंगरौली महापौर रानी अग्रवाल के अगुवाई में परसौना से पैदल मार्च रैली कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां जिला प्रशासन को सड़क हादसे को लेकर ज्ञापन सौपा।



प्रदेश अध्यक्ष व सिंगरौली जिलाध्यक्ष के अगुवाई में पैदल मार्च रैली आयोजित की गई। जहां बीते 8 जुलाई से जिलाध्यक्ष व उनके कार्यकर्ताओं के द्वारा परसौना में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चल रहा था। ज्ञापन में कहा गया कि सिंगरौली जिले में पब्लिक सेक्टर सड़क से कोल परिवहन को पूर्णतः बंद किया जाये। ताकि सड़क दुर्घटना से निजात मिल सके। इसके अलावा कोल परिवहन एवं ऐश परिवहन करने हेतु उद्योगिक कंपनियों के द्वारा अलग से नवीन सड़क का निर्माण कर परिवहन कराया जाये। यदि किसी भी स्थिति में पब्लिक सेक्टर सड़क से कोल या ऐश परिवहन कार्य कंपनियों के द्वारा किया जाता है तो परिवहन करते वक्त किसी भी व्यक्ति की मुत्यु होती है तो बिना शर्त के कम से कम पीड़ित परिवार को 20 लाख रूपये तत्काल सहायता राशि दिलाई जाये। इसके अलावा लगातार बेलगाम गति से कोल परिवहन से सड़क की हालत बहुत ही जर्जर एवं दयनीय है। कोल परिवहन कार्य गजरा बहरा से परसौना, परसौना से गोंदवाली तक की सड़को की हालत ऐसी हो गई है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क। ज्ञापन के दौरान आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सिंगरौली के बेटे अमन शुक्ला व खुशी शुक्ला ने किया नाम रौशन

**सिंगरौली।** स्कूल गेम्स एंड फेडरेशन ऑफ इंडिया 2025 एसजीएफएआई नेशनल ओपन चैंपियनशिप स्थान राजीव गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सिंधु बॉर्डर दिल्ली में बीते दिन 15 जुलाई को सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक गेम्स प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस खेल में जिसमें एथेलेटिक्स, कबड्डी, शतरंज, हॉकी, भाला फेंक, वॉलीबाल, बैडमिंटन, योगा, सीलमबंब, फुटबॉल, मार्शल आर्ट शामिल रहे। बता दे कि इस ओपन नेशनल चैंपियनशिप गेम्स में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल गेम्स एंड डेवलपमेंट फेडरेशन संस्थापक शिवम् ठाकुर रहे।

# एनसीएल की खदान में घुसकर ड्रगलाइन का कापर केबल काटने वाला कबाड़ गिरोह पकड़ाया

## कबाड़ियों ने एक अन्य मामले में केबल चोरी के दौरान धारदार हथियार से वार कर सिक्योरिटी गार्ड को किया था घायल

**सिंगरौली।** बीते दिनों एनसीएल की दुद्धिचुआ परियोजना में ड्रगलाइन की केबल काटकर चोरी करने का दुस्साहस करने वाले कबाड़ गिरोह के 5 सदस्यों को मोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि इन्हीं कबाड़ियों ने खदान में एक अन्य चोरी के दौरान वहां ड्यूटी पर मुस्तैद सिक्योरिटी गार्ड पर हमला कर उसे पूरी तरह घायल कर दिया था, इसमें उसकी एक आंख पूरी तरह खराब हो गई है।

जानकारी के अनुसार फरियादी रमेशचन्द्र उपाध्याय निवासी वनकटवा हाल रामरतन सिक्योरिटी एजेंसी कैम्प दुद्धिचुआ ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि कबाड़ियों द्वारा बीते 30 मार्च को ज्योति ड्रग लाइन का 40 मी. कापर केबल काट लिया गया है। जिसपर मोरवा पुलिस ने अज्ञात कबाड़ियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस कायम कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। वहीं एक अन्य फरियादी श्रीराम कश्यप पिता दूबलाल कश्यप उम्र 59 वर्ष जो रिटायर्ड आर्मी मैन था और वर्तमान में दुद्धिचुआ खदान में सिक्योरिटी गार्ड था। वह बीते 6 अप्रैल को सावल नम्बर 14 पर ड्यूटी पर था, तभी कबाड़ियों ने आकर खदान के अंदर धारदार हथियार से मारकर सर से लेकर एक आंख तक फोड़ दिया था। जिसपर सूचना के बाद 28 अप्रैल को पुलिस ने धारा 296, 115(2), 351(2), 118(1) बीएनएस कायम किया और मेडिकल रिपोर्ट पर धारा 117(2), 117(3), 118(2), 3(5) बीएनएस बढ़ाकर अज्ञात आरोपियों की लगातार तलाश की जाने लगी।

## बैग-लेस डे पर बच्चों ने सीखी मिट्टी से बर्तन बनाने की कला

**सिंगरौली।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार की दिशा में एक अहम कदम बैग-लेस डे के रूप में देखा जा रहा है। इसी क्रम में केन्द्रीय विद्यालय जयंत में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के छात्रों के लिए बैग-लेस डे का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को पाठ्यपुस्तकों से हटकर जीवनोपयोगी कौशल सीखने का अवसर मिला। विद्यालय के छात्रों ने इस अवसर पर मिट्टी से बर्तन बनाने की पारंपरिक कला सीखी। इस गतिविधि का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, धैर्य और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना था। कला शिक्षक अशोक कुमार एवं कार्यानुभव शिक्षिका परिज्ञा सिंह के मार्गदर्शन में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मिट्टी के बर्तन जैसे कुल्हड़, दीये, सुराही सहित अन्य बनाना सीखा। बच्चों ने इस गतिविधि में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सुंदर-सुंदर बर्तन बनाए। कार्यक्रम की सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य मुकेश सिंह भदौरिया ने बच्चों की सराहना की और कहा कि बैग-लेस डे के माध्यम से छात्रों को किताबी ज्ञान से परे जीवन के अन्य पहलुओं को जानने व समझने का अवसर मिलता है।

# आदिवासी किशोरी के आत्महत्या पर डीपीओ व एडीएम पर खड़े हो रहे सवाल

## डीपीओ की जीद्द ने वन स्टाफ सेंटर को किया बदहाल, संचालन भगवान भरोसे, डेढ़ साल से एनजीओ का समाप्त है अनुबंध

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न में संचालित वन स्टाफ सेंटर पूर्व में पदस्थ डीपीओ राजेश राम गुप्ता की जीद्द ने उक्त योजनाओं पर पलीता लग गया और करीब डेढ़ वर्षो से बदहाली के हालत से गुजर रहा है। इसकी खोज खबर वर्तमान डीपीओ से लेकर जिम्मेदार अधिकारी भी नही ले रहे हैं और अब एक किशोरी के आत्महत्या से जिलाधिकारी सवालों में घिर गये।



गौरतलब है कि पिछले वर्ष 13 अगस्त को तत्कालीन डीपीओ राजेश राम गुप्ता ने वन स्टाफ सेंटर सखी में कार्यरत एनजीओ जय प्रकाश नारायण युवा मण्डल छुट्टी कर दिया था। हालांकि उक्त एनजीओ का अनुबंध भी समाप्त हो गया था। लकिन तत्कालीन डीपीओ ने वन स्टाफ सेंटर संचालन के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नही किया। जब डीपीओ की किरकिरी होने लगी तो अगस्त महीने के आखिरी सप्ताह में विज्ञापन सूचना चस्पा किया, लेकिन उसमें भी राज्य सरकार के दिशा-निर्देशो के विपरित अपने मन से विज्ञापन में कुछ शर्तो को जोड़ दिया। शिकायत होने पर कलेक्टर ने उक्त विज्ञापन को निरस्त कर दिया। इसके बाद से वन स्टाफ सेंटर की फजीहत शुरू हो गई और सूत्र बताते हैं कि करीब तीन बार निविदाएं भी निरस्त की गई। जिससे उक्त सेंटर में स्टाफ न होने से बदहाली के हालत से गुजरने लगा है। जबकि वन स्टाफ सेंटर में कांउसलर, केस वर्कर, केयर टेकर, सुरक्षाकर्मी, कम्प्यूटर ऑपरेटर समेत 11 पद स्वीकृत हैं। वर्तमान में केस वर्कर, केयर टेकर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, सुरक्षा कर्मी समेत कुल चार स्टाफ काम कर रहा। शेष पद रिक्त हैं। अब वर्तमान डीपीओ पर सुस्त होने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि डीपीओ जितेन्द्र गुप्ता ने उक्त मामले में गोलमाल जवाब देते हुये स्वीकार किया कि वन स्टाफ सेंटर में पर्याप्त स्टाफ नही हैं।

वन स्टाफ सेंटर में एक आदिवासी बालिका ने परिसर के अंदर कमरे में बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बीती रात से लेकर आज दिन गुरूवार की दोपहर तक वन स्टाफ सेंटर में एसडीएम समेत डीपीओ का आना-जाना लगा रहा। बालिका ने आत्महत्या क्यों कि, इसकी जानकारी नही मिल पा रही हैं। लेकिन पूर्व व मौजूदा डीपीओ से लेकर एनजीओ की निविदा निरस्त करने वाले कमेटी में शामिल हैं और इन्ही पर घोर लापरवाही बरतने और भाजपा से जुड़े एक सक्रिय संगठन के दखलंदाजी करने का आरोप लग रहा है और जांच कमेटी भी इन्हें नेताजी के दबाव में आकर बार-बार निविदा को निरस्त कराने में अहम भूमिका निभाई है। चर्चा है कि यदि एनजीओ कार्य करता तो, शायद उक्त घटना टल सकती थी। किंतु पूर्व एवं वर्तमान आईसीडीएस के अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नही लिया, बल्कि नेताओं के दबाव में मापदण्ड को पूरा करने वाली एनजीओ को दरकिनार करते रहे।

### इनका कहना

वन स्टाफ सेंटर मौजूद स्टाफ के द्वारा हमें जानकारी दी की चार दिन पहले बरगवां थाना पुलिस ने काउंसिलिंग के लिए जिस लड़की को लाकर छोड़ा था, वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। फांसी लगाने का कारण अज्ञात है। मामले की जांच की जाएगी। यहां एनजीओ कार्यरत नही हैं। निर्धारित शर्तो को पूरा नही कर रही है।

**जितेंद्र गुप्ता**
**डीपीओ, सिंगरौली**


## कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)

क्रमांक/3004/राजस्व/2025 सिंगरौली, दिनांक 17/07/2025

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के गनियारी आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड 300 साईज 40 X 80 फिट कुल क्षेत्रफल 3200 वर्गफिट के लीज ग्रहिता श्री पवन कुमार अग्रवाल पिता स्व. राधाकृष्ण अग्रवाल निवासी गनियारी वार्ड क्रमांक 41 बैढ़न तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. द्वारा उन्हें आवंटित भूखण्ड की लीज म.प्र. अचल सम्पत्ति अंतरण नियम 2016 के नियम 20 के अंतर्गत लीज समाप्त कर फ्री होल्ड किए जाने हेतु के द्वारा का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूखण्ड की लीज समाप्त कर फ्री होल्ड किए जाने से यदि किसी का वैधानिक हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर निगम कार्यालय में अभिलेख सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय-सीमा के पश्चात आपत्तियाँ विधिमान्य नहीं होगी तथा भूखण्डों को फ्री होल्ड करने की नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम
सिंगरौली (म.प्र.)

# विधायक ने किया महुआ उत्पादन इकाई का उद्घाटन

## खाद्य प्रसंस्करण से महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर : टेकाम

सीधी

मझौली के ग्राम गजरी में महुआ उत्पादन इकाई का उद्घाटन विधायक धौहनी श्री कुंवर सिंह टेकाम द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समूह की महिलाएं अपने उत्पादन को प्रसंस्कृत कर मूल्य संवर्धन की ओर जाएंगे तो निश्चित ही आत्मनिर्भर बनेगी और उनके उत्पादों का उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा। हमारे क्षेत्र में प्राकृतिक उत्पाद बहुतायत मात्रा में उपलब्ध है। महुआ के प्रोसेसिंग यूनिट का उद्घाटन के पश्चात विधायक द्वारा महिला समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल में महुआ और कटहल से बने बिस्किट, लड्डू और कटहल के चिप्स का अवलोकन किया गया। यह कार्यक्रम हरित भारत



फंड इंस्टीट्यूट आफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग तथा मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत सीधी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आईएलआरटी के डीन डॉ राजेंद्र सिंह गौतम द्वारा योजना के उद्देश्य एवं उससे समूह की महिलाओं को प्राप्त होने वाले लाभ पर विस्तृत जानकारी दी। वहां उपस्थित उत्पादक समूह की महिलाओं में से मंजू सिंह, गौरी एवं बेला ने अपने अनुभव साझा किया।

कार्यक्रम में श्रीमती नीतू सिंह जनपद सदस्य मझौली, श्रीमती नीलम बघेल सरपंच गजरी, श्री आर. पी. त्रिपाठी एसडीएम मझौली, श्री ज्ञानेंद्र मिश्रा जनपद सीईओ, श्री प्रवीण तिवारी, श्री चंद्रकांत सिंह बघेल बीपीएम, श्रीमती सरिता सिंह एसडीओ आरईएस, श्री अरविंद सिंह एपीओ मझौली एवं श्री अरुण गौतम नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## संतोषी महिला स्व सहायता समूह टीकटकला को खरीदी केन्द्र के लिए ब्लैकलिस्ट घोषित किया गया

**सीधी।** शासन द्वारा खरीफ उपार्जन वर्ष 2024-25 में संतोषी महिला स्व सहायता समूह टीकटकला को धान खरीदी केंद्र टीकटकला तहसील चुरहट का प्रभारी बनाया गया था। समूह के द्वारा लगभग 400 क्वि. धान क्रय की गयी थी एवं 8000 क्वि. धान की मात्रा क्रय हेतु रखी गयी थी। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चुरहट द्वारा जाँच की जाकर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के अनुसार धान खरीदी केन्द्र प्रभारी श्रीमती प्रीती जायसवाल संतोषी महिला स्व सहायता समूह एवं श्रीमती प्राची मिश्रा कम्प्यूटर ऑपरेटर को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर जवाब चाहा गया था जो इनके द्वारा समयावधि में जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

उक्त को दृष्टिगत रखते हुए आगामी खरीफ उपार्जन एवं रबी उपार्जन के लिए संतोषी महिला स्व सहायता समूह टीकटकला को खरीदी केन्द्र के लिए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा ब्लैकलिस्ट घोषित किया गया है।

# सीधी में 83 विद्यालयों में संचालित होगा व्यवसायिक पाठ्यक्रम

## इस वर्ष 23 स्कूलों में नए वोकेशनल कोर्स संचालित करने की मिली अनुमति

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के मार्गदर्शन में जिले में इस वर्ष 23 नए स्कूलों में व्यावसायिक कोर्स शुरू करने की अनुमति प्राप्त हुई है। एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले में पूर्व से 60 विद्यालयों में कुल 9 ट्रेड संचालित है, इस वर्ष कलेक्टर महोदय के मार्गदर्शन में 23 और स्कूलो में यह पाठ्यक्रम संचालित होगा जिसमें कुसमी के 06, मझौली के 16, रामपुर नैकिन के 16, सीधी के 24 और सिहावल के 21 कुल मिलाकर 83 विद्यालयों में

### बारह हजार से ज्यादा विद्यार्थी प्राप्त करेंगे व्यावसायिक शिक्षा

### व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने में रुचि लेते हैं विद्यार्थी

यह कोर्स शुरू हो जाएगा।

इन विद्यालयों में कृषि, ब्यूटी एण्ड वेलनेस, इलेक्ट्रानिक एवं हार्डवेयर, हेल्थ केयर, आई टी, फिजिकल ऐजुकेशन, सिक्योरिटी, सीविंग मशीन, अपेरल, प्लम्बिंग संचालित है। गत वर्ष कुल 4502 बालक एवं 5444 बालिकाएं योग 9946 विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा में दर्ज थे।

जैसे - जैसे दुनिया बढ़ रही है ठीक वैसे ही पढ़ाई करने के तरीके भी बदल रहे हैं। पहले माता पिता अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर ही बनना पसंद करते थे क्योंकि केवल इसी क्षेत्र में रोजगार के अवसर हुआ करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। प्रशिक्षण और कुशलता हमारे कैरियर रूपी ट्रेन का इंजन है जिसके बिना हमारी जिंदगी की गाड़ी चल ही नहीं सकती। इसलिए यदि जीवन में आगे बढ़ाना है, सफल होना है तो हमारे अंदर स्किल का होना बहुत जरूरी है यही व्यावसायिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

## सीएमएचओ कार्यालय से आउटसोर्स भर्ती संबंधी दस्तावेजों को जब्त किया गया

सीधी

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार तहसीलदार गोपद बनास राकेश शुक्ला द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आउटसोर्स कर्मचारियों के भर्ती से संबंधित दस्तावेजों को अवलोकनार्थ जब्त करने की कार्यवाही की गई है। इसके साथ ही दस्तावेजों संबंधी एक आलमारी को सील करने की कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सीधी द्वारा जिला अस्पताल/सिविल सर्जन/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के लिये कम्प्यूटर आपरेटर/डाटा एन्ट्री आपरेटर मल्टी स्कील्ड ग्रुप डी वर्कर की नियुक्ति आउटसोर्स आधार पर की गई। नियुक्तियों में मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अनुरूप कार्यादेश जारी होना नहीं पाया गया है। उक्त को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बबिता खरे को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

## कक्षा 9वीं में कम दक्षता वाले विद्यार्थियों हेतु 31 जुलाई तक संचालित होगा ब्रिज कोर्स

**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि शैक्षणिक गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दृष्टि से कक्षा 8वीं से कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को मूलभूत दक्षताओं में वृद्धि हेतु ब्रिज कोर्स का संचालन 01 अप्रैल 2025 से 20 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है। वर्तमान सत्र में प्रवेश की प्रक्रिया प्रचलन में है अत: नवीन प्रवेशित छात्रों को ब्रिज कोर्स के माध्यम से उनकी दक्षता सुनिश्चित करने के लिये ब्रिज कोर्स की अवधि 31 जुलाई 2025 तक बढ़ाई गई है। जिला शिक्षा अधिकारी सीधी श्री पवन कुमार सिंह से सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि विद्यालय में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु हिन्दी, अंग्रेजी एवं गणित विषयों के लिये ब्रिज कोर्स का संचालन 31.07.2025 तक कराना सुनिश्चित करें।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 रैंकिंग में नगर पालिका सीधी को मिली 3 स्टार रेटिंग

## ओडीएफ.प्रमाणीकरण प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 27 वें तथा प्रदेश स्तर पर 25 वें स्थान पर

### सीधी को इस वर्ष रीवा संभाग के समस्त नगर पालिका में प्रथम स्थान

**सीधी।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में नगर पालिका परिषद सीधी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। नगर पालिका परिषद सीधी को वर्ष 2024 में पहली बार थ्री स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है। निकाय ने ओडीएफ. प्रमाणीकरण प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर 27 वां तथा प्रदेश स्तर पर 25 वां स्थान प्राप्त किया है। सीधी को इस वर्ष रीवा संभाग के समस्त नगर पालिका में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि सीधी ने वर्ष 2023 के स्वच्छ सर्वेक्षण परिणाम



में 0 स्टार एवं ओडीएफ. प्रमाणीकरण के साथ राष्ट्रीय स्तर पर 386 एवं प्रदेश स्तर पर 188 स्थान प्राप्त किया था।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीधी श्रीमती मिनी अग्रवाल ने सभी नगर वासियों को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज के सतत मार्गदर्शन और जनप्रतिनिधियों व नागरिकों के सहयोग से हमें यह उपलब्धि प्राप्त हुई है। नगर की स्वच्छता टीम और सफाई मित्रों के अथक परिश्रम से यह सुखद परिणाम मिले हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि स्वच्छता के प्रति अपनी-अपनी जिम्मेदारी निभाकर शहर को कचरा मुक्त शहर बनाने का संकल्प लें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती मिनी अग्रवाल के दिशा निर्देश एवं स्वच्छता टीम की कड़ी मेहनत से निकाय को उपलब्धि प्राप्त हुई है। स्वच्छता टीम में स्वास्थ्य अधिकारी गौरव सिंह एवं एनयूएलएम मनोज चौबे, संदीप मिश्रा एवं जनप्रवेक्षक राजेंद्र भारती तथा स्व सहायता समूह, एन.जी.ओ अमित सिंह ,निर्भय सिंह एवं सुपरवाइजर एवं सफाई मित्रों एवं सुपरवाइजर आउटसोर्स संस्थाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस वर्ष विगत वर्ष की अपेक्षा नगर पालिका द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए सर्वेक्षण के प्रत्येक बिंदु पर कार्य किया गया जिसमें शहर के सौंदर्यीकरण के क्षेत्र में स्वच्छता एवं एनयूएलएम कन्वर्जन अंतर्गत स्व सहायता समूह के माध्यम से 3 आर पार्क, वेस्ट टू वंडर पार्क का निर्माण एवं सेल्फी प्वाइंट एवं सीमित साधनों से कचरा का संग्रहण वा प्रसंस्करण पर विशेष ध्यान दिया गया। साथ-साथ दैनिक सफाई व नालियों की सफाई एक चुनौती भरा कार्य रहा है।

## जिले में औसत वर्षा 722.5 मि.मी. दर्ज, सर्वाधिक वर्षा बहरी में

**सीधी।** अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 17 जुलाई को सीधी जिले में 120.2 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 114.0 मि.मी., चुरहट में 80.0 मि.मी., गोपद बनास में 77.2 मि.मी., सिहावल में 125.2 मि.मी., बहरी में 202.0 मि.मी., मझौली में 123.0 मि.मी. और कुसमी में 120.0 मि.मी. वर्षा हुई है। उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 722.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 01 जून से 17 जुलाई तक तहसील बहरी में सर्वाधिक वर्षा 850.5 मि.मी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 585.5, चुरहट में 602.0, गोपद बनास में 670.8, सिहावल में 827.4, मझौली में 824.0 मि.मी. और कुसमी में 697.3 मि.मी. औसत वर्षा हुई है जबकि गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 202.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष 519.6 मि.मी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## चुरहट में दिया गया बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को प्रशिक्षण

**सीधी।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र 76 चुरहट में 14 से 16 जुलाई 2025 तक बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर का 03 दिवसीय प्रशिक्षण शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री शैलेश द्विवेदी एवं तहसीलदार एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन पर आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में विधानसभा स्तरीय नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर को मतदाता सूची संबधित कार्यों, बीएजी, एसआईआर, डोर टू डोर सर्वे एवं सभी निर्वाचन आयोग के संवैधानिक प्रावधान, बीएलओ प्रोटोकॉल से संबंधित पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इस प्रशिक्षण में नोडल अधिकारी श्री आरपी सोनी नायब तहसीलदार चुरहट, मुख्य नगर पालिका अधिकारी चुरहट, सहायक प्रोग्रामर एवं समस्त तकनीकी कर्मचारी एवं निर्वाचन स्टाफ उपस्थित हुए। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतदाता सूची की सभी बारीकियों से बीएलओ को अवगत कराया। यह प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# गोपाल दास मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन

**सीधी।** शहर के हृदय स्थल में 108 बार्शी राम नाम संकीर्तन के संकल्पित, आध्यात में रामायण मंदिर के संस्थापक ब्रह्मलीन ब्रह्मार्षि श्री श्री 1008 श्री हाकिमचंद स्वामी गोपाल दास जी महाराज के 19वीं पुण्यतिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन श्रावण मास कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि 18 जुलाई को आयोजित है जहां उनके शिष्यों साधु संतों व महाराज के अनुयायियों ने स्वामी जी के पुण्यतिथि में सम्मिलित



होने जा रहे हैं। उक्त जानकारी अध्यात्म रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास जी महाराज ने दी है। और कहां की कई जगह के साधु संतों का आगमन होगा जहां संत समागम के साथ-साथ विशाल भंडारे का प्रसाद वितरण होगा तपोभूम दरौली के संत शिव नारायण दास अखा गुरु चौपाल आश्रम से संत बालक दास जी महाराज प्रयागराज अरैल, सत्संग मंदिर हिनौती आश्रम सहित कई धार्मिक स्थलों से संतों का आगमन होना है। उक्त कार्यक्रम में समस्त जिले वासियों से अपील की गई है कि स्वामी जी के पुण्यतिथि में विशाल भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर लाभहान्वित हो।

## फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 16 हजार का ईनाम घोषित

सीधी

पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 16 हजार रूपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि जो भी व्यक्ति आरोपी को गिरफ्तार करेंगा या गिरफ्तारी के लिए ऐसी सूचना देगा जिसके आधार पर फरार आरोपी की गिरफ्तारी हो सके इनाम राशि के पुरस्कार से पुरस्कृत किया जायेगा। इनाम वितरण का अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक का मान्य होगा।

ग्राम लालीमाटी जिला सीधी के मनोज साकेत पिता रमेश साकेत की गिरफ्तारी पर 05 हजार रूपये तथा ग्राम तेन्दुआ थाना जमोड़ी जिला सीधी के नीतेश दुबे पिता प्रभा शंकर दुबे, सुजीत दुबे पिता हरिशंकर दुबे एवं राखी मिश्रा पिता भगौती मिश्रा की गिरफ्तारी पर 03 हजार रूपये तथा दो अज्ञात फरार आरोपियों की गिरफ्तारी पर 08 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया है। उक्त के संबंध में अधिक जानकारी पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी से प्राप्त की जा सकती है।

# मैहर के कलेक्ट्रेट भवन में आपदा प्रबंधन हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम संचालित

**सतना।** मैहर जिले में वर्षाऋतु में अतिवृष्टि एवं बाढ़ की स्थिति के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुये सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रानी बाटड द्वारा संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन मैहर में जिला स्तरीय कंट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम 24 घंटे संचालित रहेगा, जिसका दूरभाष क्रमांक 07674-299252 है। अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग मैहर रविन्द्र शुक्ला को कन्ट्रोल रूम का नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ अधिकारियों-कर्मचारियों की डयूटी भी लगाई गई है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार बाढ नियंत्रण कक्ष में सहायक यंत्री राहुल पटेल और भृत्य नीरेन्द्र श्रीवास्तव की प्रथम पाली में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक, जय अरखेल और भृत्य मोहन वर्मन की द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक तथा विकासखण्ड प्रबंधक जीतेन्द्र सिंह और दैनिक वेतन भोगी अमित शर्मा की तृतीय पाली में रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक ड्यूटी लगाई गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष का कन्ट्रोल रूम निरंतर (अवकाश के दिनों में भी) संचालित रहेगा। नियुक्त अधिकारी/कर्मचारीगण बाढ़ की सूचना प्राप्त होने पर संधारित रजिस्टर में दर्ज करेंगे और बाढ नियंत्रण प्रभारी अधिकारी को सूचना देने के लिये उत्तरदायी होगे। आपदा की सूचना प्राप्त होते ही प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को वस्तुस्थिति से अवगत करायेगे एवं बचाव की समुचित व्यवस्था के लिये उत्तरदायी होगें। सभी अधिकारी/कर्मचारीगण आदेश का प्रतिदिन राज्य शासन को पोर्टल (डीडब्ल्यूआरएस)
ीजजचध्ंचकेंनतींण्उचण्हवअण्पद
पर भी अवगत कराने के लिए उत्तरदायी होंगी। प्रतिदिन पोर्टल की जानकारी फीड कराने एवं पोर्टल पर जानकारी का पर्यवेक्षण का समस्त उत्तरदायित्व नोडल अधिकारी का होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही सिद्ध होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। जिले में अतिवर्षा की स्थिति में मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं ग्रामीण अमले को मुख्यालय में उपस्थित रहकर फील्ड में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यकतानुसार राहत और बचाव कार्य को प्राथमिकता देते हुए आपदा प्रबंधन की स्थिति से अवगत कराते रहने के निर्देश दिए हैं।

## 21 जुलाई को डाकघरों की सेवायें रहेगी बंद

**सतना।** डाक विभाग द्वारा अगली पीढी के लिए एपीटी एप्लीकेशन की शुरूआत की जा रही है। इस परिवर्तनकारी पहले के तहत उन्नत प्रणाली को सतना जिले के सभी डाकघरों में 22 जुलाई 2025 से लागू किया जायेगा। अधीक्षक डाकघर प्रदीप कुमार खरे ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफार्म के निर्बाध और सुरक्षित संचालन को बनाए रखने के लिए 21 जुलाई को नियोजित अवकाश (डाउन टाइम) निर्धारित किया गया है। 21 जुलाई को डाकघरों में कोई सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जायेगा। यह अस्थायी सेवा निलंबन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम सत्यापन और कान्फिग्रेशन प्रक्रियाओं को आसान बनाने के लिए आवश्यक है ताकि नई प्रणाली को सुचारू और प्रभावी रूप से लागू किया जा सके। एपीटी एप्लीकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर करने, त्वरित सेवा प्रदान करने और अधिक ग्राहक हितैषी इंटरफेस प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य के लिए तैयार डाक संचालन प्रदान करने की विभाग की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सांदीपनि और आईसीटी लैब वाले विद्यालयों को मिली कौशल विकास पुस्तिका

**सतना।** प्रदेश में संचालित सांदीपनि और आईसीटी लैब विद्यालयों में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को कम्प्यूटर कौशल से जुड़ी जानकारी पर आधारित पुस्तिका स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही है। यह पुस्तिका कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों के लिये उपयोगी है। इन पुस्तकों का प्रकाशन पाठ्यपुस्तक निगम से कराया गया है। आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने विद्यार्थियों के बीच पुस्तिका के वितरण के संबंध में समस्त जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश जारी किये है। लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अतिथि शिक्षकों को शत प्रतिशत ई-अटेंडेन्स हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज करने के निर्देश जारी किये है। निर्देश में कहा गया है कि यह व्यवस्था 18 जुलाई से प्रदेश में अनिवार्य रूप से लागू होगी। जिन अतिथि शिक्षकों की उपस्थिति हमारे शिक्षक एप के माध्यम से दर्ज नहीं होगी उनका मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सकेगा। इस व्यवस्था को अनिवार्य रूप से लागू किये जाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किये गये है। शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में पूर्व से कार्यरत अतिथि शिक्षक आवेदकों की रिक्त पद होने पर री-ज्वॉइनिंग के संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समय सारणी जारी की है। समय सारणी के अनुसार आवेदकों को अंतिम अवसर देते हुए आज दिनांक 17 जुलाई गुरूवार तक री-ज्यॉइनिंग करने के निर्देश जारी किये गये है। नियत तिथि के बाद 18 जुलाई 2025 को रिक्त पदों की पुन: समीक्षा की जायेगी। प्रदेश में करीब 60 हजार से अधिक अतिथि शिक्षक शिक्षण कार्य से जुड़े हुए है।

## मैहर जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक 25 जुलाई को

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे से मैहर के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में राजस्व वसूली, भ्रमण डायरी का अनुमोदन, धरती आबा अभियान, खाता धारकों की ई-केवायसी, समाधान आनलाइन, एसएलआर लैण्ड रिकार्ड, सीमांकन के प्रकरण, बंटवारा, भू-अर्जन, पीएम किसान एवं सीएम किसान प्रगति ई-केवायसी, फार्मर रजिस्ट्री, सेल्फ रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन, सीएम हेल्पलाइन, टीएल जनसुनवाई, सीएम मानिट, शासन व आयोग के पत्र, अर्जित भूमियों का खसरों में इन्द्राज, खसरा सुधार, विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन, भूमि आवंटन, नक्शा सुधार, न्यायालयीन आदेशों के आधार पर रिकार्ड का संशोधन, आवासीय भू-अधिकार योजना, विधानसभा प्रश्न, नजूल पट्टों की जानकारी व नवीनीकरण, धारणाधिकार, प्राकृतिक आपदा विभिन्न मदों की प्रकरण, माननीय उच्च न्यायालय के लंबित प्रकरण एवं अवमानना प्रकरण, प्रकरणों का वरिष्ठ न्यायालयों कमिश्नर-कलेक्टर के अपीलाधीन प्रकरणों, निस्तार पत्रक व वाजिबुल अर्ज का संधारण तथा स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।

## संपादकीय

### व्यवस्था पर सवाल

ओडिशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है। सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखती, तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती। इस मसले पर राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े। बीएड स्टूडेंट ने अपने हेड ऑफ डिपार्टमेंट की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स (पहले ट्विटर) पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गई, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें कॉलेज की 'इमेज' खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित 'इमेज' की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है? ओडिशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी में बीटेक थर्ड ईयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उस केस में भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरती, जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट्स खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह। यूजीसी की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए।

# क्या 'रील लाइफ' अब 'रियल लाइफ' को निगल रही है?

(अजय बोकिल)

देश में 'ऑनर किलिंग' ईर्ष्या और रील बनाने तथा उसे देखने के पागलपन का यह नया और डरावना एंगल है। जहां रील बनाने के लिए लोग अपनी जानें तक गंवा रहे हैं, वहीं रील बनाने से नाराज लोग रीलबाजों की जान लेने में कोताही नहीं कर रहे हैं। रील बनाने के लती ( जिन्हें आजकल डिजीटल क्रिएटर कहा जाता है) लोग अपना 'हीरा' जनम बर्बाद करने में भी संकोच नहीं कर रहे हैं। दरअसल यह 21 वीं सदी का नया समाज है, जहां 'रील लाइफ', 'रियल लाइफ' पर हावी होती दिख रही है। 'रील लाइफ', रियल लाइफ के मूल्यों को निगलती जा रही है और हम कुछ नहीं कर पा रहे हैं। लेकिन इस रीलबाजी से हासिल क्या हो रहा है, सिवाय एक नई और अतृप्त लत के? ये रील संस्कृति समाज के बदलते मानस का परिचायक तो है, लेकिन क्या ये मानव समाज को सही दिशा में भी ले जा रही है? 'रील' और 'रियल' लाइफ के बीच केवल एक अक्षर का भर नहीं बल्कि संस्कारों और जिंदगी की तल्ख सच्चाइयों का एक लंबा फासला है, जिसे रीलबाज या तो समझना नहीं चाहते या फिर उससे भागकर खयाली दुनिया में जीने को ही 'जिंदगी' मान बैठे हैं। दुनिया भर में आज हर मिनट इतनी रीलें और शॉर्ट वीडियो अपलोड हो रहे हैं और हर दम करोड़ों लोग उन्हें देख रहे हैं तो प्रश्न यह भी उठता है कि आखिर लोग अपने दैनंदिन जीवन के अनुशासन और कर्तव्यों को किस कोने में धकेल रहे हैं? रील बनाने और देखने की जितनी उपयोगिता है, क्या उससे ज्यादा वक्त की बर्बादी नहीं है? क्या इससे एक अश्लील, उन्मुक्त और उद्दंड समाज आकार नहीं ले रहा है?

रील की लत सामाजिक रिश्तों को भी कैसे तार-तार कर रही है, उसका ताजा उदाहरण हरियाणा के गुरूग्राम का है, जहां एक पिता दीपक यादव ने अपने लायसेंसी पिस्टल से रील बनाने की शौकीन अपनी बेटी राधिका की बेधड़क हत्या कर दी। राधिका रील बना बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपलोड किया करती थी। शुरूआती जानकारी में सामने आया कि बाप को बेटी द्वारा रीलें बनाना नापसंद था। क्योंकि इसके लिए वह सामाजिक मर्यादा और परिवार की गरिमा को भी ताक पर रख रही थी। कहा यह भी जा रहा है कि टेनिस प्लेयर बेटी द्वारा अकादमी खोलकर की जाने वाली कमाई से बाप के पुरूषवादी अहम को ठेस पहुंचती थी। बाप स्वयं क्या काम करता है, इसका खुलासा अभी नहीं हुआ है। इसके अलावा इस वीभत्स घटना का एक और एंगल बेटी का एक मुस्लिम युवक से दोस्ताना और उसके साथ रील बनाना यादव परिवार को नागवार गुजरना था। अपनी सगी होनहार बेटी को गोलियों से छलनी करते वक्त बाप के हाथ अगर नहीं कांपे तो इसका अर्थ यही है कि रीलबाजी का जुनून अब सामाजिक मर्यादाओंको लांघ गया है। इस मामले में मृतका



राधिका की मां की भूमिका भी संदिग्ध है। शायद उसे भी बेटी की मौत से ज्यादा परिवार की प्रतिष्ठा की चिंता थी।

हाल में ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं और ये मामले बढ़ते ही जा रहे हैं। मसलन बिहार के सुपौल में एक महिला निर्मला देवी की रील बनाने की लत से परेशान उसके पति और सास-ससुर ने मिलकर उसकी हत्या कर शव गड्ढे में गाड़ ?दिया। बिहार के बेगूसराय में सोशल मीडिया रील्स बनाने से मना करने से खफा होकर पत्नी रानी कुमारी ने अपने पति महेश्वर राय को मायके वालों के साथ मिलकर मार डाला। बिहार के ही रोहतास जिले के विक्रमगंज में एक पति टीपू साहू ने नवविवाहिता पत्नी ममता देवी की इंस्टाग्राम पर रील पोस्ट करने की आदत से ?आजिज आकर उसे मौत के घाट उतार दिया। कानपुर जिले के भीतरगांव में एक पत्नी रीना साहू ने रील बनाने से रोकने पर अपने पति धीरेन्द्र पासी की प्रेमी भतीजे रवि के साथ मिलकर हत्या कर दी। दूसरी तरफ आगरा में एक पति ने न केवल अपनी पत्नी की हत्या की बल्कि लाश के साथ तीन दिन पर कमरे में ही रहा। दोनो ने लवमैरिज की थी, लेकिन पति शक्तिसिंह को पत्नी पार्वती द्वारा रील बनाना नापसंद था। हरियाणा के भिवानी में यूट्यूबर पत्नी रवीना ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति प्रवीण की हत्या की थी। दोनो के बीच हरियाणवी शार्ट फिल्में और रील बनाने और पोस्ट करने पर झगड़ा हुआ था। दोनों का एक बेटा भी है। रवीना का प्रेमी सुरेश भी यूट्यूबर है। रवीना के इंस्टाग्राम 35 हजार के करीब फालोअर्स बताए जाते हैं। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार के धीरज रात्रे ने पत्नी ज्योति द्वारा रील बनाने से खफा होकर उसका हथौड़ी और कैंची मारकर कत्ल कर दिया। ज्यादातर मामलो में विवाद की वजह केवल रील बनाना ही नहीं है बल्कि उसके पीछे उन्मुक्त आचरण भी है।

आखिर इस रील बनाने और उन्हें देखते रहने के जुनून के पीछे मनोविज्ञान क्या है? विशेषज्ञों का मानना है कि बहुत कम प्रयासों, संसाधनों, न्यूनतम निवेश और समय सीमा में व्यापक लोकप्रियता हासिल करने की अदम्य आकांक्षा इसके पीछे बड़ा कारण है। आज लोग किसी भी कीमत पर बस 'फेमस' होना चाहते हैं। जिसमें निजता और सार्वजनिकता मिलकर नाचने लगे हैं। बदनामी और शोहरत के बीच फासला शून्य हो चुका है। नैतिक दू?रियां बेमानी हो चुकी हैं। क्रूरता और ममता मानो एक ही फ्रेम में हैं। भाषा में शालीनता और अशालीनता की सीमाएं मिट गई हैं। चर्चित होना ही इसका महत्तम हासिल है। और इस 'फेम'के लिए आदमी कुछ भी करेगा। गोया जिंदगी कुल जमा 'लाइक्स' और 'व्यूज' काउंट में समाहित हो गई है। और इसे पाने के लिए लोग खाई में गिरने, समंदर में डूबने, आकाश से कूदने और सरेआम अंतरंग सम्बन्ध बनाने के लिए बेहिचक तैयार हैं। चाहे उन्हें इसके लिए कोई भी कीमत चुकानी पड़े, जो जान गंवाने से लेकर पारिवारिक रिश्तों के कत्ल तक कुछ भी हो सकती है। इन सबका अंतिम परिणाम क्या होगा, यह सोचने की फुरसत किसी को न तो है और न ही वैसा सोचकर अपने जुनून इंच भर भी कम होने देना चाहते हैं। जिस प्रकार रील बनाने वालों के लिए 'फेमस होना'ही मूल प्रेरक तत्व है तो इसे सतत देखने वालों के लिए 'वर्चुअल लाइफ' में जीने का खयाली जुनून ही परमसुख है। लिहाजा रीलबाज ऐसी-ऐसी हरकतें कर रहे हैं कि जो सभ्यता के मान्य पैमानो के हिसाब से पागलपन ही कही जाएंगीं। उनमें रील बनाकर तुरंत पोस्ट करने की बेताबी है। पोस्टेड रील पर अपेक्षित व्यूज का न मिलना उन्हें? डिप्रेशन में झोंक सकता है। इस रीलबाजी का आर्थिक पहलू भी है। सोशल मीडिया कंपनियां इस प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने के लिए इन रील्स और शॉर्ट फिल्म निर्माताओं को व्यूज के आधार पर पैसा भी देती हैं। देश में इंस्टाग्राम के अलावा फेसबुक, यू ट्यूब, टिक टॉक आदि पापुलर प्लेटफार्म हैं। जो इंस्टाग्राम पर रील कहलाती है, वही यूट्यूब पर शॉर्ट फिल्म कहलाती है। हालांकि पैसा देने के रेट और नियम सबके अलग-अलग हैं। भारत में रीलबाजी के लिए इंस्टाग्राम सबसे लोकप्रिय प्लेटफॉर्म है। ऐसे में कई घरेलू ?महिलाएं भी रील बनाने को घर बैठे कमाई का जरिया मान बैठी हैं। शोहरत का नशा उन्हें और ऐसे काम करने के लिए प्रोत्साहित करता है। इन्हीं में कई सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर का दर्जा पा जाते हैं, जिनकी अह?मियत अब राजनीतिक पार्टियों की नजर में भी बढ़ गई है। क्योंकि माना जाता है ?कि युवा वर्ग आजकल इन्हीं इन्फ्लूएंसरों की रीलों से प्रभावित होता है। बहरहाल इस 'रील वर्ल्ड' की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दुनिया में रोजाना 2 अरब लोग इन रीलों के माध्यम से संवाद करते हैं। हालांकि हर प्लेटफार्म की प्रतिदिन रील व शॉर्ट फिल्म अपलोड करने की सीमा है। अलबत्ता भारत इंस्टाग्राम यूजरों का सबसे बड़ा केन्द्र है। यहां इस प्लेटफार्म के 38 करोड़ से ज्यादा कंज्यूमर हैं, जो दुनिया में सर्वाधिक है। इनमें भी बड़ी संख्या 18 से 24 वर्ष के आयु वालों की है। वैसे रील बनाने के पीछे बेरोजगारी और अकेलापन भी कारण है। कई बार यह मनुष्य को असामाजिक बनने तक को विवश करता है। इसके अलावा फेसबुक रील्स के विश्व के 150 देशो में 80 करोड़ यूजर बताए जाते हैं। इनसे डिजीटल क्रिएटर व्यूअर्स की संख्या के हिसाब से प्रतिमाह 35 हजार अमेरिकी डॉलर तक कमा सकते हैं, जो भारतीय रूपए में करीब 30 लाख रू. होते हैं। यूट्यूब पर प्रतिदिन 20 लाख से ज्यादा वीडियो अपलोड होते हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर अपलोडेड रील्स की संख्या 1 अरब से ज्यादा बताई जाती है। खुद सोशल मीडिया प्लेटफार्म भी इनसे खासी कमाई करते हैं। डिजीटाइजेशन आज के युग का ?अभिन्न हिस्सा है। इससे हम चाहकर भी नहीं बच सकते। लेकिन इसकी अति भी खतरनाक है। इससे एक तरफ सही-गलत सूचनाओं की बमबारी हो रही है तो दूसरी तरफ युवाओं पर इसका नकारात्मक शारीरिक और मानसिक प्रभाव भी पड़ रहा है। यह प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है, कहां जाकर रूकेगी, कोई नहीं कह सकता। प्रौद्योगिकी रील बाजी को किस नए मुकाम तक ले जाएगी, उससे मानव समाज कितना प्रभावित होगा, यह भविष्य के गर्भ में है। लेकिन आज जो रहा है, वह भी कम चिंताजनक नहीं है। मुकेश का गाया एक पुराना भजन है। 'तूने रात गंवाई सोय के, दिवस गंवाया खाय के, हीरा जनम अमोल था, कौड़ी बदले जाए। नए हालात में इसे संशोधित कर गाना पड़ेगा 'हीरा जनम अमोल था, रील के बदले जाए..।

# शिव का कल्याणकारी और संहारक रूप

**ब्रह्मा ने शिव से जानना चाहा कि क्या आप नश्वर प्राणियों को उत्पन्न नहीं कर सकते? शिव ने सिर हिलाया। मैं केवल अमर प्राणियों को ही उत्पन्न कर सकता हूं। अगर इससे आपकी सृष्टि प्रक्रिया निष्प्रभावी होती है, तो मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा। ऋग्वेद में शिव के दो रुप मिलते हैं। रुद्र के रूप में वे एक शक्तिशाली और उग्र देवता के रुप में चित्रित किये गए हैं। जो तूफान, बारिश और विनाश से जुड़े हैं। शिव रुप में उन्हें कल्याणकारी और सर्वव्यापी कहा गया है। ऋग्वेद में में पाये जाने वाले 'महामृत्युंजय मंत्र' में उन्हें अमरता प्रदान करने वाले देवता के रुप में चित्रित किया गया है। एक पौराणिक कथा है।**

(मोहन सिंह)

जब ब्रह्मा ने शिव से सृष्टि में सहयोग करने का अनुरोध किया, तो शिव ने ब्रह्मा के सामने ऐसे ग्यारह रुद्र खड़े कर दिये, जो उनके ही प्रतिरुप थे और अमर थे।ब्रह्मा को यह चिंता सताने लगी कि इससे तो ब्रह्मामांडीय संतुलन ही बिगड़ जायेगा। सृष्टि में केवल नाशवान् प्राणी ही जन्म ले सकते हैं। पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी अमर कैसे हो सकते हैं? फिर तो सृजन-संरक्षण और विनाश का चक्र ही गड़बड़ हो जायेगा।

ब्रह्मा ने शिव से जानना चाहा कि क्या आप नश्वर प्राणियों को उत्पन्न नहीं कर सकते ? शिव ने सिर हिलाया। मैं केवल अमर प्राणियों को ही उत्पन्न कर सकता हूं। अगर इससे आपकी सृष्टि प्रक्रिया निष्प्रभावी होती है, तो मैं इसका हिस्सा नहीं बनूंगा।

पुराणों में भगवान शिव का मनुष्य रुप में भी वर्णन मिलता है। इसे हम 'शिवावतार' कह सकते हैं। इस रुप में वे कभी प्रकट होते हैं, कभी अलक्षित रहते हैं। ऐसे भगवान शिव की तीन जगह उपस्थित बतायी जाती है।

भद्रवट में - जो कैलाश से पूर्व की ओर लौहित्यगिरि के ऊपर है। दूसरा स्थान कैलाश पर्वत पर और तीसरा मूजवान पर्वत पर। काशी खंड में एक कथा है कि- शिव ने अपना सारा राज्य मानसरोवर पर विष्णु भगवान को दे दिया और स्वयं विरक्त होकर एकान्त में रहने लगे

अन्याय के समय देवताओं के प्रार्थना करने पर वे प्रकट हुए। स्वामी कार्तिकेय की उत्पत्ति के लिए, त्रिपुर- वध के लिए पार्वती से विवाह किया। एक पौराणिक कथा यह भी है कि - ब्रह्मा को सृष्टि की सृजन प्रक्रिया समझाने के लिए ही भगवान शिव ने अर्धनारीश्वर रुप धारण किया। परस्पर विरोधी ऊर्जा का सहजीवी रुप।

अर्धनारीश्वर रुप में ब्रह्मा को संबोधित करते हुए शिव कहते हैं कि - इसकी आवश्यकता क्यों है ? सृजन के लिए ! शिव - शक्ति, देव- देवी शक्ति, स्थिर - गतिशील, होने - बनने का संयुक्त रुप ही सृष्टि का आधार है। स्त्रीलिंग और पुल्लिंग आपकी बनायी सृष्टि के दो अंग हैं। इन दोनों तत्वों के मिलन से ही सृष्टि प्रक्रिया अनंतकाल तक जारी रहेगी।

इस आख्यान से इतना तो स्पष्ट होता है कि सृजन का जो काम अपने विवेक से ब्रह्मा नहीं कर सकें, वह सृष्टि प्रक्रिया सम्पन्न हुई शिव के सलाह और अर्धनारीश्वर रुप में प्रकट होने से।अब अनन्त काल तक ऐसी चलती रहेगी, उनकी कृपा से। फिर भी लोक में शिव का संहारक रुप ही ज्यादा प्रचलित है। जब कि सृजन और संहार सृष्टि का अवश्यम्यभावी रुप है। इसके अतिरिक्त जिसने सबका संहार किया, वह तो बचा ही रहेगा। फिर सृष्टि भी वहीं करेगा।

भगवान शिव को पांच कलाओं का अधिष्ठाता होने के कारण के पांच रुपों में प्रकट माना जाता हैं। आनन्द, विज्ञान, मन , प्राण और वाक। ये अव्यय पुरुष की पांच कलाएं हैं। आनन्द रुप की 'मृत्युंजय' नाम से उपासना होती है। दूसरी कला विज्ञानमय शंकरमूर्ति की दक्षिणामूर्ति नाम से उपासना होती है।

तीसरी मनोमय कला के अधिष्ठाता 'कामेश्वर ' शिव का ही रुप है। शिव की इस रुप में उपासना तान्त्रिकों में प्रसिद्ध है। मन का प्रथम बीज भी काम ही है। इस लिए मन को काम प्रधान कहा गया है। ऋग्वेद में कहा गया है -

कामास्तग्रे समवर्तताधि मनसो रेत־ प्रथम־ यदासीत।

सतो बन्धुमसमति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा।।(10/129/4ऋग्वेद)

शिव की चौथी कला की 'पशुपति' और 'नीलोहित' नामों से उपासना होती हैं। पांचवीं कला वांग्मय मूर्ति भूतेश नाम से उपास्य है। शिव के इस अक्षर रुप में उपासना का विधान हमारे शास्त्रों में किया गया है। हमारे शरीर में भी हृदय कमल में ब्रह्म की, नाभि में विष्णु की और और मस्तिष्क में शिव की उपस्थिति मानी जाती हैं। वृक्षों में यह स्थिति बदल जाती हैं। वहां मूल से जो रस प्राप्त होता है उसी से उसका पोषण होता है। इस लिए कहा गया है -

मूलत ब्रह्मरुपाय मध्यतो विष्णु रुपिणे। अग्रत־ शिवरुपाय अश्वत्थाय नमो नमः।।

शिव ऐसे देवता है जिनकी उपासना देवता और लिंग दोनों रुपों में होती हैं। स्कन्द पुराण में वर्णन मिलता है कि -

आकाशं लिंगमित्याहु־पृथ्वीं तस्य पीठिका।
आलय־सर्व देवानां लयनार्लिंगमुच्ते।।

अर्थात् आकाश लिंग रुप है, पृथ्वी उसका आधार है। प्रलय काल में सृष्टि, देवता आदि उसी लिंग में समाविष्ट हो जाते हैं। सभी देवताओं का प्रादुर्भाव भी ज्योतिर्लिंग से ही माना गया है ।

शिव का एक विश्वरुपभी है। 'शेरतेह्यस्मिन् सर्व इति शिव־' शिव का यह वह रुप है, जिसमें सब कुछ समाहित है। अग्नि जिसका मस्तिष्क है। चन्द्रमा और सूर्य दोनों नेत्र हैं। वेद जिसकी वाणी है। विश्वरुपी प्राणवायु अर्थात् प्राण जिसके हृदय में है। पृथ्वी पादरुप है। और जो सभी भूतों का अंतरात्मा है।

इनमें सोम तत्व चन्द्रमा रुप में, अप् गंगा रुप में वायु जटा रुप में शिव के मस्तक पर विराजमान हैं। इस लिए शिव का एक नाम 'व्योमकेश' है।अर्थात् आकाश तत्व उनकी जटा है। हमारे शास्त्रों में ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव की सावन में निम्न मन्त्रों से उपासना करने पर हर तरह की मनोकामनाएं पूरी होती हैं -

ऊं नमः शिवाय। ऊं भगवते रुद्राय। धीमहि तन्नो रुद्र प्रचोदयात। उर्वारुकमिव वन्धनान् मृत्योर्मुक्षीव माममृतात।।

शतपथ ब्राह्मण में एक कथा आती है। श्रेष्ठता पाने के लिए मन और वाणी में कलह हो गया। मन का कहना था कि मेरे द्वारा जो ज्ञात नहीं है, उसे वाणी नहीं बोल सकती। वाणी का कहना था कि तुम जो जानते हो, उसे मैं ही प्रकट करती हूं। अतः मैं ही श्रेष्ठ हूं। दोनों प्रजापति के पास गये। प्रजापति ने अपना निर्णय मन के पक्ष में दिया।

## वर्ग पहेली 5795



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. 1947 को इन्होनें भारत के उपप्रधानमंत्री का कार्यभार संभाला था (8)
7. महिला ईसाई पादरी (2)
8. गले की नली, कंठ, आहार नली (3)
9. हिंदी साहित्य का एक अलंकार जिसमें एक ही शब्द दो या अधिक बार आता है और इसका प्रत्येक बार भिन्न अर्थ होता है (3)
11. कर्नाटक का यह जिला स्वर्ण खानों के लिए प्रसिद्ध है (3)
12. जूते का निचना हिस्सा (2)
13. चंद्रमा, मंयक (2)
15. जो जल्दी न मिल सके, दुर्लभ (3)
17. नफीरी (4)
20. एक बार सांस लेने का समय, खींच, कश (2)
22. राजी करना, प्रसन्न करना, समझाना-बुझाना (3)
23. यह भारत की पहली सवाक् (बोलती) फिल्म थी (1931)(3)
26. कुपित दृष्टि के प्रभाव में आना, भेंट उपहार, सौगात (4)

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तराधिकारी पत्र, बिल (6)
2. अपुष्ट समाचार, उड़ती हुई खबर (3)
3. प्रतीति, अहसास, बोध (2)
4. अग्र, आदिम, अव्वल नंबर (3)
5. दर्जी, वेशकार, सूचिक (3)
6. भाग्य को अंग्रेजी में यह कहते है (2)
10. यह मलेशिया देश का पुराना नाम है (3)
11. प्रयत्न, चेष्टा (3)
14. परिवर्तन करना, मुकरना, उपांतरण करना (4)
18. मर्मज्ञ (4)
19. विविध, अनेक प्रकार के, मातामह (2)
21. मेर यार मेरी (2)
23. अग्नि (2)
24. हाव-भाव, नाजोअदा, प्रतिज्ञा, गौरव (2)

### वर्ग पहेली 5794 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नी | ल | म | सं | जी | व | रे | इडी |
| ति | ल | क | | ना | | ज | |
| | क | बे | ल | | बे | गा | ना |
| आ | | ल | ह | जा | | री | वा |
| ला | भ | | र | ज | र | | कि |
| प | र | दा | दा | | खि | ला | क |
| | पा | | र | | या | म | |
| र | ई | स | | भू | | | |

## शांत द्वीप की मधुर धुन- अंडमान शामा जिसकी मधुर आवाज चीरती है जंगल के सन्नाटों को

(अनु साइकॉम)

शहरों की भीड़ भाड़ से दूर किसी टापू पर छुट्टियां मनाने का दिल तो हम सभी का करता है पर क्या आप इन टापुओं पर रहने वाले अद्वितीय पशु पक्षियों से वाकिफ हैं जो सिर्फ भारत के इन्हीं द्वीपों पर पाए जाते हैं? इसी तरह का एक ऐसा पक्षी है जो सिर्फ अंडमान के द्वीप पर ही पाया जाता है।

यह अंडमान के घने वनों में छिपा एक रहस्यमयी गायक है, जिसकी मधुर आवाज जंगल के सन्नाटों को चीरती हुई हमारे कानों में गूंजती है। इसकी आवाज सुनने मात्र से मानो ऐसा प्रतीत होता है जैसे वन खुद गीत गा रहे हो। ये है भारत का गायन पक्षी 'अंडमान शामा' जो केवल अंडमान में ही पाया जाता है।

रॉबिन पक्षी जैसा दिखने वाला शामा अपनी लंबी पूंछ, चमकदार काले पंखों और सफेद पेट के कारण न केवल देखने में बेहद खूबसूरत है, बल्कि सुनने में भी उतना ही मनमोहक व सुरीला है जो की और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाए जाने वाले के व्हाइट-रंप्ड शामा से कुछ हद तक मेल खाता है, लेकिन इसकी खास रंगत और गायन शैली इसे बाकी शामा प्रजाति के पक्षियों से अलग बनाती है ।

शामा के पसंदीदा ठिकानों में शामिल हैं घने सदाबहार वन, झाड़ियां और बगीचे, इन्हे मुख्यत־उन जगहों पर रहना पसंद है जहां पास में पानी हो जैसे की घाटियों में घनी झाड़ियां। यह अपना घोंसला घास, बांस की पत्तियों, जड़ों और टहनियों से बनती है, जो की ज़मीन से लगभग 3 मीटर ऊंचाई पर पेड़ या झाड़ी में छिपा होता है जिसके कारण इन्हें आसानी से देख पाना मुश्किल होता है।

इसके गान की मधुरता ही इसे एक अद्वितीय गायन पक्षी बनाती है और यही वजह है कि यह पक्षी पक्षी प्रेमियों के बीच खासा लोकप्रिय है। इस पक्षी को स्थानीय भाषा यानी की अंडमान में 'थो पनाइयतु' और बगसुयान के नाम से जाना जाता है।

अगर इसके अंडो के बारे में बात करे तो मादा एक बार में दो से तीन हल्के हरे रंग के अंडे देती है, जिन पर बैंगनी-भूरे, चॉकलेट भूरे या स्लेटी रंग की धारियां होती हैं, जो अंडों के ऊपरी हिस्से पर अधिक सघन होती हैं।

मादा की तुलना में नर अंडमान शामा का पूरा शरीर सिर, गला, गर्दन, पीठ और लंबी पूंछ तक काले रंग का होता है साथ ही पेट पर सफेद और बाजुओं में गेरुए रंग की झलक होती है। मादा शामा देखने में थोड़ी कम चमकदार होती है, खासकर गले और पीठ पर, और उसकी पूंछ भी कुछ छोटी होती है।

नर-मादा में बहुत अधिक अंतर नहीं होता, और दोनों लगभग 21 से 25 सेंटीमीटर लंबे होते हैं, जिसमें 12 सेंटीमीटर की पूंछ शामिल है। इनका मुख्य आहार कीड़े-मकोड़े और उनका लार्वा होते हैं।

हालांकिं यह पक्षी केवल अंडमान द्वीप समूह तक ही सीमित है, फिर भी यह वहां अच्छी संख्या में पाया जाता है। आईयुसीएन की रेड लिस्ट के अनुसार अंडमान शामा अभी 'लीस्ट कंसर्न' लिस्ट में शामिल है, यानी की फिलहाल यह वैश्विक रूप से संकटग्रस्त नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपका मन प्रसन्न रेहगा। साथ ही, भौतिक सुखों में भी वृद्धि होने की संभावना है। शाम के वक्त चंद्रमा के मीन राशि में प्रवेश करने से आपको किसी अच्छे कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है। आपके अच्छे कर्मों और खर्चों से समाज में प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होगी।

**वृष**

आज किसी तीर्थ स्थल की यात्रा करने से आपके मन को सुकून प्राप्त होगा और कानूनी मामलों में भी सफलता प्राप्त होगी। साथ ही, कहीं स्थान परिवर्तन की योजना भी सफल हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आप कुछ कामकाज में उलझ सकते हैं, लेकिन इसके बावजूद पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**तुला**

आज कार्यक्षेत्र में कामकाज से जुड़े कोई विवाद चल रहे थे तो वे अब सुलझ सकते हैं। व्यापार को लेकर किसी नए प्रोजेक्ट पर भी नया काम शुरू हो सकता है। धन-संपत्ति के मामले में परिवार और आसपास के कुछ लोग बाधाएं पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं।

**वृश्चिक**

दिन आज शुभ रहने वाला है। आर्थिक मामले में भी समय बेहद मजबूत है और आपको दिनभर लाभ के कई अवसर प्राप्त हो सकते हैं। ऐसे में आपको कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों में लगे रहना होगा। परिवार में सुख-शांति और स्थिरता बनी रहेगी। नौकरी या व्यापार में कुछ नई योजना या कार्य शुरू हो सकते हैं, जिनसे भविष्य में लाभ होगा।

**मिथुन**

आज कार्यक्षेत्र में किसी रचनात्मक और बड़े काम को पूरा करने में आपका ज्यादा समय बीत सकता है। आपको जो काम करना अधिक प्रिय है वैसा ही काम भी आपको प्राप्त होगा। इससे आप सुकून महसूस करेंगे और शांति से हर कार्य पूरा करेंगे।

**कर्क**

आज काफी रचनात्मक रहने वाला है। आप कार्यक्षेत्र में जो भी काम पूरी मेहनत से करेंगे उसका फल तुरंत प्राप्त होगा। अगर कुछ जरूरी कार्य अधूरे पड़े थे तो वह भी पूर्ण हो सकते हैं और इस बारे में जरूरी चर्चाएं होना भी संभव है। ऑफिस में आपको अपने मन के मुताबिक माहौल देखने को मिलेगा और साथी का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**

आज आपको सावधान और सतर्क रहना होगा। अगर आप बिजनेस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठा लेते हैं, तो इससे बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। आपको रोजमर्रा के कामों से अलग कुछ नए कार्यों पर भी ध्यान देना होगा। इससे लाभ मिलने की संभावना है। किसी अपने खास व्यक्ति के लिए आपको पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

**मकर**

मकर

आज व्यापार के मामले में पार्टनरशिप में काम करने से लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यस्थल पर आपको काम पूरे करने के लिए नियमों और समय का ख्याल रखना होगा। आपको कई काम एक साथ भी करने पड़ सकते हैं। ऐसे में धैर्य और संयम की जरूरत होगी।

**सिंह**

आज कामकाज में ज्यादा व्यस्त रहेंगे। लेकिन आपको धर्म से जुड़े कार्यों के लिए भी थोड़ा समय निकालना जरूरी होगा। ऐसा करने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर कुछ वरिष्ठ अधिकारी आपके जरूरी कार्यों में रुकावटें डालने की कोशिश कर सकते हैं।

**कन्या**

बातचीत करने के तरीके और व्यवहार पर आज ध्यान देना होगा। संयम और सावधानी बरतने से ही लाभ प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में किसी भी प्रकार के वाद-विवाद से दूर रहें। अन्यथा किसी से बहस ज्यादा बड़ी हो सकती है। घर में किसी शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है।

**कुंभ**

आज आपका दिन सुखद व्यतीत होगा। लाभ कमाने के कई नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। लेकिन आपको जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचना होगा, अन्यथा कोई बड़ी गलती हो सकती है। ऐसे में कोई भी फैसला सोच-विचार करके लेना ही बेहतर होगा। अपने स्वास्थ्य पर भी आज खास ध्यान दें।

**मीन**

आज व्यापार में जोखिम उठाने से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। अगर आप कुछ परेशानियों का सामना कर रहे हैं तो धैर्य और मधुर वाणी से आप उन्हें आसानी से दूर कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करने से सब कुछ प्राप्त कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा विधायक ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के गुणों की तुलना राम और कृष्ण से की

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक परिणय फुके ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का चरित्र भगवान राम जैसा और बुद्धि भगवान कृष्ण जैसी है। फुके ने विधान परिषद में कहा कि फडणवीस ने महाराष्ट्र को विकास की नयी ऊंचाइयों पर पहुंचाया है और इसे शीर्ष राज्य बनाया है। उन्होंने कहा, ''हम उनके भजन गाते हैं क्योंकि वह हमारे लिए भगवान के समान हैं। मुझे नहीं पता कि देवेंद्र फडणवीस भगवान हैं या नहीं, लेकिन वह एक ईश्वरीय व्यक्ति हैं।'' फुके ने कहा, ''उनका (फडणवीस का) भगवान श्री राम जैसा चरित्र, कृष्ण जैसी बुद्धि, महादेव जैसी सहनशीलता एवं विष को पचाने की क्षमता, सूर्य जैसा तेज और चंद्रमा जैसा शांत स्वभाव है।'' उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता फडणवीस की प्रशंसा करते हैं और उनका आभार व्यक्त करते हैं।

### ओडिशा में तीन तेंदुओं की खाल बरामद, सात लोग गिरफ्तार

**मयूरभंज, एजेंसी।** ओडिशा के मयूरभंज जिले में वन्यजीवों के अंगों का व्यापार करने के आरोप में तीन तेंदुओं की खाल जब्त की गई और इस संबंध में एक सरकारी शिक्षक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक वरिष्ठ वन अधिकारी ने यह जानकारी दी। सिमिलिपाल बाघ अभयारण्य (एसटीआर) के उप निदेशक सम्राट गौड़ा ने यहां संवाददाताओं को बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर एसटीआर के अधिकारियों ने उदाला थाना क्षेत्र के कुटलिंग गांव और बादसाही थाना क्षेत्र के चंदनचतुरी गांव में छापेमारी की। उन्होंने बताया कि पांच साल के तेंदुओं की दो खाल और एक साल के तेंदुए की खाल जब्त की गई। हालांकि, अभी यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों तेंदुओं को कहां मारा गया। गौड़ा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों के एसटीआर क्षेत्र और छत्तीसगढ़ के जंगलों के शिकारियों से संबंध हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों में सरकारी प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक मनोरंजन टिपिरिया भी शामिल है।

### गुरुग्राम के मानेसर स्थित दो स्पा सेंटर में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम पुलिस ने मानेसर स्थित आम्रपाली बिल्डिंग में दो स्पा सेंटरों में कथित तौर पर चल रहे एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मंगलवार देर शाम की गई छापेमारी में एक महिला स्पा मालकिन समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मानेसर थाने में अनैतिक तस्करी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। दो स्पा में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि आईएमटी मानेसर के सेक्टर-2 स्थित आम्रपाली इमारत में ऑस्कर और गोल्डन ग्रेविटी के नाम से दो स्पा हैं, जिसमें कुछ महिलाएं स्पा की आड़ में सेक्स रैकेट संचालित कर रही हैं। इसके बाद मंगलवार को पुलिस टीम ने छापेमारी की। थाना प्रभारी सतेंद्र कुमार ने बताया, ''हमने अपने जवानों को एक फर्जी ग्राहक बनाकर दोनों स्पा सेंटर में भेजा। उन्होंने संचालकों से मुलाकात की और रेट तय करके महिलाओं की मांग की, जिस पर संचालक मान गए। उसने एक स्पा सेंटर में एक जोड़े को आपत्तिजनक स्थिति में भी पाया। उससे संकेत मिलने पर हमने स्पा पर छापा मारा और एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।'' पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान ऑस्कर स्पा के प्रबंधक महेंद्र कुमार, स्पा में ग्राहक सुरजीत और गोल्डन ग्रेविटी स्पा की मालकिन आशिया खातून के रूप में हुई है।

### मादक पदार्थ सौदे में असफल होने पर तस्कर का अपहरण करने वाले सात आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मादक पदार्थ के तस्कर और उसके सहयोगी का अपहरण किए जाने समेत जबरन वसूली के लिए हमला करने के मामले में अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा शकील से कथित रूप से जुड़े एक 'अंतरराष्ट्रीय गिरोह' के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूरत निवासी साजिद इलेक्ट्रिकवाला नाम के मादक पदार्थों के तस्कर को करीब एक महीने तक आरोपियों ने बंधक बनाकर रखा था और अपराध शाखा द्वारा उसे बचा लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसका सहयोगी शब्बीर 10 जुलाई को भागने में सफल रहा और उसने मुंबई के ओशिवारा थाने में संपर्क किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरवर खान, मेहताब, संतोष वाघमारे, सतीश कड़ू, यूनुस थेवरपल्ली, तौसीफ सैंडी और राहुल सावंत के रूप में हुई है। जांच के दौरान पुलिस को आरोपियों और छोटा शकील के बीच संबंधों का पता लगा। जांचकर्ताओं के अनुसार, 12 जून को गिरोह ने तीन गाड़ियों का इस्तेमाल करके ओशिवारा के एक होटल से इलेक्ट्रिकवाला और शब्बीर का अपहरण किया था। जांच में खुलासा हुआ कि मेफेड्रोन मादक पदार्थ के सौदे को लेकर हुए विवाद के बाद अपहरण किया गया। इलेक्ट्रिकवाला को कथित तौर पर मेफेड्रोन की आपूर्ति के लिए आरोपियों से 50 लाख रुपये मिले थे।

# हम करेंगे नेतृत्व और मैं बनूंगा मुख्यमंत्री: पलानीस्वामी

**चेन्नई, एजेंसी।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (एआईएडीएमके) प्रमुख एडप्पादी के पलानीस्वामी ने बुधवार को यहां कहा कि तमिलनाडु में पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) अटूट है और भाजपा समेत इसके घटक दलों के बीच फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि गठबंधन के संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

विधानसभा में विपक्ष के नेता ने मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन के 'उंगलुदन स्टालिन' संपर्क कार्यक्रम की भी आलोचना की और इसे एक नाटक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका उद्देश्य 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु के लोगों को गुमराह करना है। पलानीस्वामी ने पूछा कि इस सरकार के बचे हुए आठ महीनों में लोग अपने मुद्दों के क्या ही समाधान की उम्मीद कर सकते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा अगले साल राज्य में राजग के चुनाव जीतने पर गठबंधन सरकार बनाने संबंधी कथित टिप्पणी के बारे में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए, पलानीस्वामी ने कहा कि भाजपा के वरिष्ठ नेता ने केवल इतना कहा कि गठबंधन सत्ता में आएगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, उनका कहना है कि हमारा गठबंधन सरकार बनाएगा। मैंने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि इस गठबंधन का नेतृत्व कौन कर रहा है? तो यह मेरा फैसला है, है ना? कौन मुख्यमंत्री बनेगा, कौन सरकार बनाएगा - हम दोनों (शाह और मैं) यह स्पष्ट कर चुके हैं। यह



स्पष्ट कर दिया गया है कि अन्नाद्रमुक राज्य में राजग का नेतृत्व करेगा और अगर गठबंधन विजयी होता है तो वह मुख्यमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा, गठबंधन में फूट डालने की कोई भी कोशिश सफल नहीं होगी। यह एक अटूट गठबंधन है।

पलानीस्वामी ने दावा किया कि द्रमुक को यह उम्मीद नहीं थी कि अन्नाद्रमुक गठबंधन करेगा और इसलिए वह डर के कारण विपक्षी गठजोड़ की आलोचना कर रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि द्रमुक ने अतीत में भाजपा के साथ गठबंधन किया था और सवाल किया कि क्या द्रविड़ पार्टी का तब ऐसा करना स्वीकार्य था, लेकिन अब अन्नाद्रमुक ने जब भाजपा के साथ गठबंधन किया है तो वह भाजपा को सांप्रदायिक बता रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने बताया है कि ईपीएस ने शाह से कह दिया है कि जीत की स्थिति में न्यूनतम स्तर पर पावर शेयरिंग पर विचार किया जा सकता है। दरअसल, शाह ने साफतौर पर कहा था, हम चुनाव एडप्पाडी जी के नेतृत्व में लड़ेंगे। साथ ही उन्होंने गठबंधन सरकार का जिक्र किया था। कहा जा रहा है कि इसके चलते एआईएडीएमके नेताओं में हलचल तेज हुई थी। कहा जा रहा है कि ईपीएस की तरफ से इस बात पर जोर दिया जाना भाजपा और एआईएडीएमके के बीच एक समझ स्थापित होने के संकेत दे रहा है, जिसके तहत यह साफ हो चुका है कि चुनाव से पहले गठबंधन सरकार की बात को बढ़ाना देना नुकसान करा सकता है। इसकी वजह कोर द्रविड़ मतदाताओं के विरोध का डर माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, ईपीएस की टिप्पणियों को जनता की धारणा बदलने की ठोस कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। अखबार को एक सूत्र ने बताया कि गठबंधन काफी प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा, हम दोनों पहले ही तय कर लिया है कि अन्नाद्रमुकनेतृत्व कर रहा है। ईपीएस सीएम बनेंगे। आप और क्या जानना चाहते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, एआईएडीएमके और भाजपा के बीच बातचीत की जानकारी रखने वाले राय के ही एक वरिष्ठ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य ने कहा था, अगर गठबंधन सरकार की बात होती है, तो एआईएडीएमके कैडर खुश नहीं होगा। ईपीएस ने शाह को बता दिया है कि वह जीत की स्थिति में अपनी पार्टी के नेताओं को पावर शेयरिंग के लिए मना लेंगे। इसकी घोषणा चुनाव से पहले करना आत्महत्या करने जैसा होगा। भाजपा इस पर सहमत हो गई है। हालांकि, शाह के बयान को किस तरह से लिया जा रहा है, इस पर असहमति हो सकती है।

## आप इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं, लोकसभा चुनाव तक ही था अलायंस: संजय सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने बुधवार को एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि



उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद से ही इंडिया गठबंधन का हिस्सा नहीं है। बता दें कि साल 2024 का लोकसभा चुनाव आप और कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत लड़ा था। हालांकि, बाद में हरियाणा और दिल्ली विधानसभा चुनावों में दोनों ने अलग-अलग दो-दो हाथ किया था। संजय सिंह ने बुधवार को कहा कि हमने साफ कर दिया है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था। जहां तक संसद का सवाल है तो हम हमेशा सरकार की सभी गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। हम संसद के मानसून सत्र के दौरान दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने का मुद्दा उठाएंगे। हमने आधिकारिक तौर पर कहा है कि आम आदमी पार्टी आज से भारत गठबंधन के साथ नहीं है। हमारा गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए था। इसके साथ ही आप सांसद ने आगे कहा कि संसद के मानसून सत्र में उनका रुख पहले की तरह कायम रहेगा। वह इस सत्र में दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस का मुद्दा उठाएंगे। बता दें कि हाल ही में आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में झुग्गियों के कथित विध्वंस को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार पर निशाना साधा था। केजरीवाल ने भाजपा सरकार पर गरीबों को बेघर बनाने का आरोप लगाया था। केजरीवाल ने जंतर-मंतर पर एक विरोध रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 50एष्ट की इतनी गर्मी में गरीबों की झुग्गियां तोड़ी जा रही हैं। सरकार आम लोगों को असहाय बना रही है। सरकार के लोग आम लोगों को सड़कों पर रहने के लिए मजबूर कर रहे हैं। गरीब आदमी अपनी झुग्गी के पास काम करता है।

## धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव के नाम पर आरएसएस से नहीं बन पा रही सहमति, अब कौन बनेगा भाजपा अध्यक्ष?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कौन बनेगा भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष? भगवा पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से लेकर सियासी पंडितों के मन में यह सवाल गूंज रहा है। अभी तक इस पद को लेकर तस्वीर साफ नहीं हो सकी है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भाजपा नेतृत्व के बीच इस मुद्दे पर सहमति नहीं बन पा रही है। सूत्र यह भी बताते हैं कि हाल ही में दो-दो केंद्रीय मंत्रियों के नाम भाजपा अध्यक्ष के पद के लिए आरएसएस को भेजे गए थे, लेकिन उनमें से किसी के नाम पर भी सहमति नहीं बन सकी है। भाजपा की तरफ से केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और भूपेंद्र यादव का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए भेजा गया था। दोनों ही नेताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का करीबी माना जाता है। आरएसएस का मानना है कि भाजपा को 2029 के बाद के युग के लिए तैयार करना जरूरी है। संघ भाजपा के लिए अगली और एक नई पीढ़ी तैयार करना चाहता है। आरएसएस चाहता है कि भाजपा को एक रबर स्टांप अध्यक्ष की जगह एक मजबूत नेतृत्व मिले जिसे पार्टी के कार्यकर्ता भी पसंद करते हों। वह नरेंद्र मोदी के बाद भाजपा को संभालने में सक्षम हो। एक वरिष्ठ नेता ने कहा, ÷आरएसएस और भाजपा के वर्तमान नेतृत्व के बीच तीन दौर की बैठकों के बाद भी सहमति नहीं बनी है। आगे और चर्चा होनी है।

# भतीजे को टिकट देकर कोई एहसान नहीं किया: उमा भारती

**भोपाल, एजेंसी।** बीजेपी की सीनियर नेता और मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने हाल ही में एक ट्वीट के जरिए पार्टी पर निशाना साधा है। अपने भतीजे राहुल लोधी को टिकट देने को लेकर उन्होंने साफ कहा कि यह कोई एहसान नहीं था, बल्कि पार्टी की मजबूरी थी। अपने भावुक ट्वीट में उन्होंने अपने परिवार की राजनीतिक यात्रा और बलिदानों को भी उजागर किया, जो चर्चा का विषय बन गया है।

**ट्वीट कर साधा बीजेपी पर निशाना :** उमा भारती ने 16 जुलाई को कई ट्वीट किए। उन्होंने कहा, ÷मेरे भाई-भतीजों को मेरी छवि की चिंता ने उनकी योग्यता के अनुसार तरक्की से रोका। राहुल को टिकट देना पार्टी के लिए जरूरी था, क्योंकि बुंदेलखंड में बीजेपी को नुकसान हो सकता था।÷ उमा ने खुलासा किया कि उनकी वजह से परिवार पर झूठे आरोप जैसे लूट और डकैती लगे, लेकिन कोर्ट ने हमेशा उन्हें निर्दोष साबित किया। साथ ही, उन्होंने यह भी जिक्र किया कि अगर उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया जाता, तो उनके भाई या भतीजे पहले ही सांसद या विधायक बन सकते थे। राहुल लोधी की 2018 में खरगापुर से विधायक निर्वाचन को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2022 में रद्द कर दिया था, जिसमें नामांकन पत्रों में गड़बड़ी पाई गई थी। यह घटना उनके बयान को और गहराई देती है। उमा भारती ने कहा, ग्राम डूंडा, जिला टीकमगढ़ के लोधीवंश के जिस परिवार में जन्मी वहां मेरे संन्यस्त जीवन के पूर्व के चार भाई और एक बहन थी जिसमें से दो बड़े भाइयों का एवं एक मात्र बहन का निधन हो चुका है, मैं सबसे छोटी थी इसलिए बहुत लाड़ प्यार से पली। फिर 6 वर्ष की आयु से



सामाजिक जीवन में आकर प्रवचन शुरू हो गए, देश-विदेश में मेरे प्रवचन सुनने वालों ने मुझे बाल गोपाल ही कहा। उन्होंने कहा, मेरे परिवार ने मेरी राजनीति के कारण बहुत कष्ट उठाया है। शायद ही मध्य प्रदेश भाजपा के बड़े पदों पर बैठे नेताओं के परिवार ने इतने कष्ट उठाए हों, सरकार चाहे कांग्रेस की रही हो या भाजपा की मेरी वजह से उनकी खूब प्रताड़ना हुई। लूट, डकैती जैसे झूठे आरोप लगे और कोर्ट में हमेशा वह पूरी तरह से निर्दोष साबित हुए। मेरे भाइयों की संताने मेरी छवि की चिंता के कारण स्वयं जितनी योग्यता रखते थे उतनी तरक्की नहीं कर पाए। मेरे एक भाई के बेटे राहुल को टिकट देना परिवार पर कोई एहसान नहीं था पार्टी की मजबूरी थी। बीजेपी नेता ने कहा, बुंदेलखंड में भाजपा को इससे नुकसान हो सकता था मेरा परिवार तो जनसंघ के समय से भाजपा में है राहुल और सिद्धार्थ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में बाल स्वयंसेवक थे तब मैं राजनीति से कोसों दूर थी। मेरा परिवार जन संघ से जुड़ा था। भाजपा अगर मुझे चुनाव न लड़ाती तो मेरे परिवार के भाई या भतीजे सांसद या विधायक बहुत पहले बन गए होते। टीकमगढ़ जिले में सामंती शोषण के आतंक की जड़ें भाजपा के राज्य में भी उखड़ नहीं पाई थी। उन्होंने कहा, राहुल ने अपनी पत्नी उमिता सिंह को जिला पंचायत का अध्यक्ष बनाकर पूरे बुंदेलखंड के सामंती आतंक के गढ़ को चुनौती दे दी। अब दोनों पति-पत्नी शान और स्वाभिमान के साथ राजनीति करते हैं। मेरे चारों भाई ऐसे ही रहे, मेरे पिता और दादा भी ऐसे ही थे। ऐसे परिवार में जन्म लेने से प्राप्त संस्कारों से ही राजनीति में कई मुकाम मैंने हासिल किए। उन्होंने आगे कहा, राजनीति में आते ही अटल जी, आडवाणी जी, राजमाता जी और संघ के वरिष्ठतम स्वयंसेवकों की छत्रछाया मिली जो मेरे से 30, 40 साल तक बड़े थे। मेरी लोकप्रियता से उन्हें गर्व होता था फिर भी मुझे अपना बालक जैसा मानते थे मुझे उन वरिष्ठों की छत्रछाया में संगठन एवं सत्ता में उच्च पद प्राप्त हुए। उमा का यह बयान तब आया है जब पार्टी के भीतर टिकट आवंटन को लेकर असंतोष की खबरें सामने आ रही हैं।

# रेलवे यात्रियों के लिए अलर्ट, बदल गया तत्काल टिकट बुकिंग का तरीका

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रेलवे प्रशासन ने देश भर में तत्काल प्रणाली के तहत ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए ओटीपी के माध्यम से आधार वेरिफिकेशन को आधिकारिक तौर पर अनिवार्य कर दिया है। एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक उचित सिंघल ने घोषणा की कि 15 जुलाई से ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार ओटीपी के जरिए वेरिफिकेशन जरूरी हो गया है। सिंघल ने इस बात जोर दिया कि ये संशोधन यात्रियों के लिए तत्काल टिकटों तक निष्पक्ष और पारदर्शी पहुंच सुनिश्चित करने, उनके हितों की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए किए गए हैं कि वास्तविक उपयोगकर्ता इस प्रणाली का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा, यात्री मोबाइल ओटीपी के माध्यम से सत्यापन के बिना तत्काल टिकट प्राप्त नहीं कर पाएंगे। नई प्रणाली के तहत तत्काल टिकट आईआरसीटीसी की आधिकारिक वेबसाइट, मोबाइल ऐप या भारतीय रेलवे के पीआरएस काउंटरों के माध्यम से बुकिंग के



लिए उपलब्ध होंगे। अधिकारी का कहना है कि रेलवे आरक्षण प्रणाली द्वारा ओटीपी के बाद ही अधिकृत एजेंटों के माध्यम से टिकट बुकिंग के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। यह ओटीपी बुकिंग के समय उपयोगकर्ता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर भेजा जाएगा। सिंघल ने बताया, तत्काल आरक्षण टिकट लेने वालों को अब टिकट बुक करते समय अपने आधार नंबर से जुड़ा सिम कार्ड वाला मोबाइल साथ रखना होगा। रेलवे ने यह भी कहा कि बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग की अनुमति नहीं होगी। सिंघल ने कहा, रेल आरक्षण की शुरुआती अवधि के दौरान बड़ी संख्या में बुकिंग को रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकट एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रतिबंध एसी श्रेणियों के लिए सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक और गैर-एसी श्रेणियों के लिए सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक लागू रहेगा। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे इन बदलावों पर ध्यान दें और असुविधा से बचने के लिए सुनिश्चित करें कि उनकी प्रोफाइल उनके आधार नंबर से जुड़ी हो।

## महाराष्ट्र के नक्सल प्रभावित गांव में आजादी के बाद पहली बार चली बस, उत्साह में जुटे लोग

**गढ़चिरौली, एजेंसी।** कभी नक्सलियों का गढ़ रहे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक सुदूर गांव में आजादी के बाद अब पहली बार सरकारी बस सेवा शुरू हुई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। बुधवार को जब पहली बस मरकनार गांव पहुंची तो स्थानीय लोगों ने राष्ट्रध्वज लहराकर उसका स्वागत किया। पुलिस ने बयान जारी कर बताया कि इस सेवा से मरकनार और आसपास के गांवों के छात्रों समेत लगभग 1,200 निवासियों को लाभ होगा। पुलिस की ओर से दावा किया गया है कि गढ़चिरौली पुलिस के प्रयासों के बाद आजादी के बाद पहली बार सुदूर मरकनार गांव से अहेरी तक बस सेवा शुरू की गई है।

आदिवासी आबादी और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के लिए जाना जाने वाला गढ़चिरौली जिला खराब कनेक्टिविटी की समस्या से जूझ रहा था। मरकनार गांव गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ उपखंड में अबूझमाड़ की तलहटी में स्थित है, जो नक्सलियों का गढ़ था। बुधवार को ग्रामीणों ने पहली बार अपने इलाके में बस सेवा देखी। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल की पहल पर शुरू की गई राज्य परिवहन सेवा का स्वागत करने के लिए ग्रामीण तिरंगा लेकर एकत्रित हुए। इस सेवा से मरकनार, मुरुंभुशी, फुलनार, कोपरशी, पोयारकोठी और गुंडुरवाही जैसे गांवों के 1,200 से ज्यादा



निवासियों, खासकर मरीजों, छात्रों और अन्य यात्रियों को लाभ होगा।

गढ़चिरौली पुलिस ने दूरदराज के इलाकों में परिवहन को आसान बनाने के लिए कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं शुरू की हैं। कहा गया है कि एक जनवरी 2025 को गट्टा-गरदेवड़ा-वांगेतुरी मार्ग पर और 27 अप्रैल को कटेझर से गढ़चिरौली के लिए बस सेवा शुरू की गई। पिछले पांच वर्षों में, गढ़चिरौली पुलिस के संरक्षण में जिले में 420.95 किलोमीटर लंबी 20 सड़कें और 60 पुल बनाए गए हैं। बता दें कि होम मिनिस्टर अमित शाह ने 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने का टारगेट रखा है।

# उपराज्यपाल ने जय भीम कोचिंग योजना में जांच के आदेश दिए, आप ने बताया प्रतिशोध की राजनीति

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को कहा कि उपराज्यपाल (एलजी) वी.के. सक्सेना ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार के कार्यकाल के दौरान 'जय भीम प्रतिभा विकास योजना' में कथित भ्रष्टाचार की जांच कराने के आदेश दिए हैं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ÷वर्ष 2020-21 में चलाई गई ÷जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना÷ में गंभीर वित्तीय अनियमितताएं सामने आई हैं।'' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इस योजना के लिए आधिकारिक बजट सिर्फ 15 करोड़ रुपये था, लेकिन अरविंद केजरीवाल सरकार ने इसके 145 करोड़ रुपये से ज्यादा के बिल मंजूर कर दिए। इस योजना के तहत संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी), कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग संस्थानों में अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को सिविल सेवा सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निजी संस्थानों में मुफ्त कोचिंग



प्रदान की जाती है। एससी/एसटी कल्याण मंत्री रविंदर इंद्राज के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में सूद ने आरोप लगाया कि निजी कोचिंग संस्थानों को भुगतान के लिए 2021-22 में कोविड अवधि के दौरान 145 करोड़ रुपये का बिल तैयार किया गया था। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर पलटवार करते हुए आम आदमी पार्टी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जांच को 'प्रतिशोध की राजनीति' करार दिया। आप ने एक बयान में कहा कि भाजपा ने शिक्षा, स्वास्थ्य और बिजली में सार्वजनिक सेवाओं के 'कार्यशील मॉडल को बंद कर दिया है' और उन्होंने पार्टी पर प्रतिशोध की राजनीति में लिप्त होने का आरोप लगाया। पार्टी ने बयान में कहा, ''दिल्ली के स्कूलों की हर ईंट, मोहल्ला क्लीनिकों की हर सुई की जांच करें... लेकिन जब आप अपना काम पूरा कर लें, तो कुछ वास्तविक काम करना शुरू करें।

**ओम बिरला ने कोटा बाढ़ पीड़ितों के परिजन से मुलाकात की, जलभराव रोकने के लिए कदम उठाने के निर्देश दिए : कोटा, एजेंसी।** कोटा-बूंदी से सांसद ओम बिरला ने कोटा जिले के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का बुधवार को दौरा किया और उन लोगों के परिवारों से मुलाकात की जो पिछले कुछ दिनों में या तो बहने या अन्य कारणों से मारे गए। लोकसभा अध्यक्ष ने आवासीय क्षेत्रों में वर्षा जल के प्रवेश को रोकने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों और वृक्षारोपण का भी जायजा लिया। बिरला सबसे पहले रणपुर क्षेत्र गए, जहां भारी बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। उन्होंने उस स्थान का दौरा किया जहां सोमवार को 27 वर्षीय एक महिला अपने एक रिश्तेदार के साथ स्कूटर पर नाले को पार करते समय उसमें बह गई थी। बिरला ने जलभराव को रोकने के लिए रणपुर तालाब और अलानिया क्षेत्र से पानी को चंबल नदी की ओर मोड़ने की योजना पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को नालों की क्षमता बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

# प्रज्ञानंद ने कार्लसन को हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत के ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लास वेगास में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर में दुनिया के नंबर 1 मैग्नस कार्लसन पर शानदार जीत दर्ज की। 19 वर्षीय प्रज्ञानंद ने पांच बार के विश्व चैंपियन को मात्र 39 चालों में मात दी।

नॉर्वे के ग्रैंडमास्टर कार्लसन, जो हाल ही में भारत के मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश से लगातार हार चुके हैं, उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा। कार्लसन को 19 साल के आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट के ग्रुप स्टेज के चौथे राउंड में हरा दिया। इस टूर्नामेंट में हर खिलाड़ी को 10 मिनट का समय और हर चाल पर 10 सेकंड अतिरिक्त मिलते हैं। प्रज्ञानंद अब आठ खिलाड़ियों वाले ग्रुप व्हाइट में 4.5 अंकों के साथ संयुक्त बढ़त बनाए हुए हैं। प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट की शुरुआत नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ काले मोहरों से ड्रॉ खेलकर की। इसके बाद उन्होंने असाउबायेवा को हराया। तीसरे राउंड में उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए कीमर को हराया और फिर चौथे राउंड में कार्लसन को चौंका दिया। हालांकि, कार्लसन पेरिस और कार्लजूए में फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीत चुके हैं। वह पूरे टूर में शीर्ष पर थे, लेकिन उन्हें अब लास वेगास में खिताबी दौड़ से बाहर होना पड़ा है। राउंड-रॉबिन चरण में उतार-चढ़ाव भरे दिन के बाद कार्लसन अपने ग्रुप में संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे और प्लेऑफ में लेवोन अरोनियन से हारकर बाहर हो गए।

अब वह निचले ब्रैकेट में पहुंच गए हैं, जहां तीसरे से ऊपर नहीं आ सकते। कार्लसन ने दो जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन फिर उनकी परफॉर्मेंस गिर गई। प्रज्ञानंद और वेस्ली सो से हार और दो ड्रॉ के बाद, उन्हें अंतिम दौर में जीत की जरूरत थी, ताकि टाईब्रेकर हो सके। उन्होंने बिबिसारा अस्सौबायेवा को हराया, लेकिन फिर दोनों प्लेऑफ गेम अरोनियन से हार गए। इसके चलते वह टॉप ब्रैकेट में नहीं जा सके। इसी ग्रुप में, प्रज्ञानंदा, नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जावोखिर सिंडारोव ने 4.5/7 अंक हासिल करके तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अरोनियन ने 4 अंक हासिल किए और कार्लसन को पछाड़ दिया। ब्लैक ग्रुप में हिकारू नाकामुरा ने शानदार प्रदर्शन किया और 7 में से 6 अंक लेकर टॉप पर रहे।

हांस नीमन, जिन्होंने शुरुआत में 5 में से 4.5 अंक हासिल किए थे, उन्होंने भी अगले दौर में जगह बना ली। उनके साथ फैबियानो कारूआना और अर्जुन एरिगैसी भी आगे बढ़े। कारूआना ने अपने शुरुआती छह मुकाबले ड्रॉ खेले थे, लेकिन आखिरी राउंड में नीमन को हराकर जरूरी जीत दर्ज की। लास वेगास के विंन होटल में फ्रीस्टाइल शतरंज की यूएस में पहली बार हो रही शुरुआत के साथ अब 16 खिलाड़ी नॉकआउट स्टेज में पहुंच चुके हैं। इनमें से आधे खिलाड़ी, जैसे कार्लसन और कीमर, निचले ब्रैकेट से आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे, जबकि बाकी खिलाड़ी सीधे खिताब की दौड़ में बने रहेंगे। गुरुवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

इनमें हारने वाले खिलाड़ी ऊपरी ब्रैकेट से निकलकर निचले ब्रैकेट में चले जाएंगे, जबकि जीतने वाले खिलाड़ी 2 लाख अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि के लिए मुकाबला जारी रखेंगे।

**फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में संयुक्त बढ़त बनाई**




## मैंने यह ऋषभ पंत से सीखा है, दीप्ति शर्मा ने एक हाथ से लगाए छक्के का श्रेय पंत को दिया



साउथेम्प्टन (यूके), एजेंसी। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने इंग्लैंड महिला टीम के खिलाफ पहले वनडे में अपनी शानदार पारी पर बात की, जहां वह जेमिमा के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रही थीं और ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थीं। दीप्ति शर्मा के शानदार अर्धशतक और ऑलराउंडर स्नेह राणा के शानदार स्पेल ने गुरुवार को साउथेम्प्टन में तीन मैचों की सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड पर चार विकेट से जीत हासिल करने में भारत की अहम भूमिका निभाई। भारतीय महिला टीम ने अब अपने पिछले 12 वनडे में से 11 जीते हैं, और यह सिलसिला दिसंबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज से शुरू हुआ था।

दीप्ति शर्मा ने मैच के बाद कहा, मैं ऐसे ही मौके का इंतजार कर रही थी। मैं जेमिमा के साथ साझेदारी बनाना चाहती थी, लगातार 5-6 रन प्रति ओवर बनाना चाहती थी। (उनके स्वीप शॉट्स पर) मैंने शुरुआती दिनों में इस पर काफी काम किया है, और इस तरह की पिच पर इससे मदद मिलती है। (एक हाथ से छक्का लगाने पर) मैं ये शॉट अभ्यास में खेलती हूं, मैंने ये ऋषभ पंत से सीखा है।

### विराट कोहली ही जिम्मेदार!

## कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु भगदड़ केस में सौंपी रिपोर्ट, गंभीर लापरवाहियों का जिक्र



नई दिल्ली, एजेंसी। बेंगलुरु में आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है. इस रिपोर्ट में कई गंभीर लापरवाहियों का जिक्र किया गया है और खास बात यह है कि इस पूरी घटना में टीम के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न के दौरान मची भगदड़ को लेकर कर्नाटक सरकार ने हाईकोर्ट में अपनी रिपोर्ट सौंपी है. बेंगलरु में 4 जून को विक्ट्री परेड से पहले यह भगदड़ हुई थी. जो रिपोर्ट सरकार ने हाइकोर्ट में सौंपी है, उसमें कई तरह की गंभीर लापरवाहियों का जिक्र है. गौर करने वाली बात यह है कि इस पूरी घटना में विराट कोहली का नाम भी सामने आया है. रिपार्ट में कहा गया है कि विराट कोहली ने वीडियो में फैन्स से फ्री में विक्ट्री परेड में आने की अपील की.

### संन्यास लेने जा रहे आंद्रे रसेल!

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में घरेलू मैदान पर खेलेंगे आखिरी मैच

नई दिल्ली, एजेंसी। वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले हैं। रसेल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज में चुना गया है। वह इस सीरीज में अपने घरेलू मैदान पर आखिरी मैच खेलेंगे। रिपोर्ट के अनुसार आंद्रे रसेल अपना फेयरवेल मैच घरेलू मैदान जमैका के सबीना पार्क में खेलेंगे। सीरीज के शुरुआती दो मैच यहीं 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे। रसेल 2019 से इंटरनेशनल क्रिकेट में केवल टी20 खेले हैं और वर्तमान में 84 मैच खेल चुके हैं। रसेल ने अगले टी20 विश्व कप से सात महीने पहले संन्यास का ऐलान किया है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका में टी20 विश्व कप होगा। निकोलस पूरन के बाद रसेल दो महीने से भी कम समय में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे हाई-प्रोफाइल खिलाड़ी होंगे।



**जापान ओपन बेडमिंटनः**

## सिंधू के बाद लक्ष्य सेन और सात्विक-चिराग भी हारे, जापान ओपन से हुए बाहर



टोक्यो, एजेंसी। 23 वर्षीय लक्ष्य ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। भारतीय खिलाड़ियों का जापान ओपन में निराशाजनक प्रदर्शन गुरुवार को भी जारी रहा। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी दूसरे दौर में हारकर इस सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य को पुरुष एकल में जापान के कोडाई नाराओका के हाथों 19-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह मुकाबला करीब एक घंटे तक चला। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले मैच में चीन के वांग झेंग जिंग पर 21-11, 21-18 से जीत दर्ज की थी, लेकिन वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख सके। इससे पहले पुरुष युगल में सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी को चीन के लियांग वेई केंग और वांग चांग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 44 मिनट तक चले मुकाबले में 22-24, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत से पेरिस ओलंपिक रजत पदक विजेता वेई केंग और वांग चांग ने भारतीय जोड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 7-2 कर लिया। सात्विक और चिराग ने धीमी शुरुआत की लेकिन जल्द ही लय हासिल करके पहले गेम में 18-14 से बढ़त बना ली।

भारतीय जोड़ी हालांकि अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई और चीन की जोड़ी ने वापसी करते हुए पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भारतीय टीम आक्रमण और रक्षा दोनों में लड़खड़ा गई और उसे वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा।

## ला लीगा के शुरुआती मैच से बाहर

### बेलिंगहैम ने करवाई कंधे की सर्जरी

नई दिल्ली, एजेंसी । रियल मैड्रिड के मिडफील्डर जूड बेलिंगहैम ने अपने कंधे की सफल सर्जरी करवाई है। ऐसे में अब बेलिंगहैम को कम से कम छह हफ्तों के लिए मैदान से दूर रहना होगा। वह ला लीगा के शुरुआती मुकाबले नहीं खेल सकेंगे। बेलिंगहैम को नवंबर 2023 से कंधे में तकलीफ थी। ला लीगा मैच के दौरान उनका कंधा खिसक गया था। तभी से बेलिंगहैम अपनी जर्सी के नीचे सपोर्ट ब्रेस पहनकर खेलते रहे। बेलिंगहैम ने क्लब वर्ल्ड कप के बाद ही सर्जरी कराने का फैसला किया था, ताकि रियल मैड्रिड के लिए उस टूर्नामेंट में खेल सकें। हालांकि, उनकी टीम सेमीफाइनल में पेरिस सेंट-जर्मेन से हारकर बाहर हो गई थी।



रियल मैड्रिड ने अपने बयान में कहा, बार-बार होने वाले खिसकाव की समस्या के इलाज के लिए जूड बेलिंगहैम के कंधे की सर्जरी हुई। यह ऑपरेशन डॉक्टर मैनुएल लेयेस और एंड्रयू वालेस ने रियल मैड्रिड मेडिकल सर्विसेज की निगरानी में किया।

## ऋषभ पंत को तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत हैः जैक रसेल



लंदन, एजेंसी। लंदन के एक पॉश इलाके में पेंटिंग बनाने में व्यस्त इंग्लैंड के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज जैक रसेल का मानना है कि भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने खेल से दर्शकों का मनोरंजन करते हैं लेकिन उन्हें विकेटकीपिंग की कुछ तकनीकी खामियों को दूर करने की जरूरत है। रसेल को क्रिकेट जगत की खबरों पर नजर रखना पसंद है। अगर वह मैदान पर नहीं होते तो वह लाइव स्कोर देखते हैं। वह रोज पेंटिंग करते है, फिर भी उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट के लिए लॉर्ड्स जाने का समय निकाला।

खुद एक विकेटकीपर होने के नाते उनके पास जैमी स्मिथ और पंत जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सलाह भी है। उन्होंने कहा, 'कई अच्छे विकेटकीपर रहे हैं। मैं कहूंगा कि मेरे समय में एलन नॉट और बॉब टेलर मेरे दो नायक थे। रसेल ने कहा, 'लेकिन मुझे सैयद किरमानी को देखना पसंद था। जब मैं छोटा था, तब मैं उन्हें बहुत देखता था। मुझे लगता था कि वह एक अच्छे विकेटकीपर हैं।

मौजूदा विकेटकीपरों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'पंत की बात करूं तो आपको उन्हें खेलते हुए देखना पसंद आएगा ही। वह चाहे बल्लेबाजी कर रहे हों, या विकेटकीपिंग, आपको उन्हें देखना अच्छा लगेगा। इसलिए वह एक मनोरंजक खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि वह कार दुर्घटना के बाद भी क्रिकेट भी खेल रहे हैं। मुझे लगता है कि युवा खिलाड़ी जैमी स्मिथ इंग्लैंड के सर्वकालिक महानतम बल्लेबाज और विकेटकीपर बनेंगे क्योंकि उनमें बहुत हुनर है। आप उसे गिलक्रिस्ट की श्रेणी में रख सकते हैं। पंत की विकेटकीपिंग में किसी कमी के बारे में पूछने पर रसेल ने कहा, 'वह गलतियां करेगा क्योंकि तकनीकी रूप से कुछ चीजें हैं जिन्हें दूर करने की जरूरत है। लेकिन वह शानदार प्रदर्शन करेगा और गलतियां भी करेगा। ज्यादातर विकेटकीपर गलतियां करते हैं। इंग्लैंड में विकेट लेना काफी मुश्किल है।

इसलिए वह यहां परफेक्ट नहीं होगा, लेकिन उसकी बल्लेबाजी बहुत मजबूत है। रसेल ने कहा, 'पर उसे विकेटकीपिंग में कुछ काम करने की जरूरत है, स्टंप तक खड़े होने में बस थोड़े-बहुत बदलाव करने होंगे। अगर वह मुझसे पूछेगा तो मैं उसे बता दूंगा। लेकिन ये छोटी चीजें हैं। यह 61 वर्षीय काउंटी क्रिकेट से संन्यास लेने के 20 साल से भी ज्यादा समय बाद अपनी चित्रकला के जरिए खेल से जुड़े हुए हैं। राइडर स्ट्रीट स्थित गैलरी की यात्रा किसी भी क्रिकेट प्रेमी को पुरानी यादों की सैर करा देगी। वह सोशल मीडिया पर अपनी पेंटिंग्स प्रोमोट करते हैं जिसमें उनके ज्यादातर फोलोअर्स भारतीय हैं। रसेल ने हाल में इंग्लैंड के लिए खेलने वाले पहले भारतीय रणजीतसिंहजी का चित्र बनाया।

रसेल ने कहा, 'हर साल मैं इतिहास के पन्नों से किसी का चित्र बनाने की कोशिश करता हूं। पिछले साल मैंने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान डगलस जार्डिन का चित्र बनाया था। इस साल मैंने रणजीतसिंहजी को चुना। अगर आप उनके बारे में पढ़े और उनके करियर पर नजर डालें तो वे एक 'स्ट्रोक प्लेयर थे। यह प्रदर्शनी में मेरे पसंदीदा चित्रों में से एक है। रसेल ने कहा, 'भारत और इंग्लैंड के बीच मौजूदा मैच को देखते हुए मुझे लगा कि यह सही समय है।

## बांग्लादेशी स्पिनर महेदी हसन की शानदार गेंदबाजी

● हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड टूटा

ढाका, एजेंसी। स्पिनर महेदी हसन ने बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच निर्णायक टी20आई मैच में 4-1-11-4 के औसत से शुरुआत की जिससे टाइगर्स ने आर प्रेमदासा स्टेडियम में मैच और सीरीज दोनों जीतते हुए इतिहास रच दिया। एक छोर से गेंदबाजी की शुरुआत करते हुए महेदी ने हरभजन सिंह का 13 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। महेदी ने पावरप्ले में दो ओवर फेंकते हुए किफायती चार विकेट लिए जिससे उन्होंने श्रीलंका के शीर्ष 5 बल्लेबाजों में से चार को आउट कर दिया, जिससे श्रीलंकाई टीम कोलंबो में निर्णायक मैच में सिर्फ 132/7 पर सिमट गई।



महेदी ने अपने शानदार स्पेल के जरिए आर प्रेमदासा स्टेडियम में टी20आई मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मेहमान गेंदबाज होने का हरभजन का रिकॉर्ड तोड़ दिया। हरभजन ने 2012 के टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया था और केवल 12 रन देकर 4 विकेट लिए थे जबकि महेदी ने 4 विकेट के लिए 11 रन दिए।

किसी गेंदबाज के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का रिकॉर्ड इस भारतीय स्पिनर के नाम था, लेकिन 2021 की सीरीज में वानिंदु हसरंगा ने 4-9 के उल्लेखनीय आंकड़े के साथ भारतीय के रिकॉर्ड को तहस-नहस कर दिया।

**टिम रॉबिंसन की करियर की सबसे बड़ी पारी**

## न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया

नई दिल्ली, एजेंसी। जिम्बाब्वे में चल रही टी20 ट्राई-सीरीज 2025 के दूसरे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए साउथ अफ्रीका को 21 रन से हराया. इस जीत के नायक रहे युवा बल्लेबाज टिम रॉबिंसन, जिन्होंने संकट की घड़ी में 75 रन की नाबाद और मैच जिताऊ पारी खेली. एक समय न्यूजीलैंड की टीम महज 70 रन पर अपने 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन रॉबिंसन की संयमित और आक्रामक बल्लेबाजी ने मैच की तस्वीर ही बदल दी.

न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाए. शुरुआत बेहद खराब रही, जब सलामी बल्लेबाज टिम सीफर्ट (22) और डेवोन कॉनवे (9) जल्दी आउट हो गए. इसके बाद डेरिल मिचेल (5), जेम्स नीशम (0) और मिचेल हे (2) भी कुछ खास नहीं कर सके.

टीम संकट में थी, लेकिन टिम रॉबिंसन ने एक छोर संभाले रखा और 57 गेंदों में 6 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 75 रन बनाए. यह उनके अंतरराष्ट्रीय टी20 करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. उनकी इस पारी में न सिर्फ क्लास थी बल्कि ज़रूरत के अनुसार आक्रामकता भी थी.



**बेवन जैकब्स के साथ मजबूत साझेदारी**

रॉबिंसन को अंत तक बेवन जैकब्स का साथ मिला, जिन्होंने 44 रन की नाबाद पारी खेली. दोनों ने मिलकर छठे विकेट के लिए 103 रन की अविजित साझेदारी की, जिसने न्यूजीलैंड को सम्मानजनक नहीं बल्कि मैच जिताऊ स्कोर तक पहुंचा दिया.

# हॉकीः प्रो लीग का प्रदर्शन एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले अच्छा सबक

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान और गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि हाल ही में समाप्त हुई एफआईएच प्रो लीग अगले साल होने वाले एशियाई खेलों और विश्व कप से पहले पुरुष राष्ट्रीय हॉकी टीम के लिए अच्छा सबक है। भारत को प्रो लीग के यूरोपीय चरण में संघर्ष करना पड़ा और वह नौ टीमों में से आठवें स्थान पर रहा। टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक विजेता टीमों का हिस्सा रहे श्रीजेश का मानना है कि खिलाड़ियों ने बहुत खराब प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम टीम के पक्ष में नहीं रहे। श्रीजेश ने बुधवार की रात को एक कार्यक्रम के दौरान कहा, मुझे लगता है कि खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, हमने कई मौके बनाए। हमने कड़ी चुनौती दी लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है जब परिणाम आपके पक्ष में नहीं आते हैं। हमारी तैयारी अच्छी थी, लेकिन दुर्भाग्य से परिणाम हमारे लिए अच्छे नहीं रहे लेकिन कोचों के पास एशिया कप के लिए टीम तैयार करने के लिए पर्याप्त समय है और



निश्चित रूप से अगले साल एशियाई खेल और विश्व कप भी है। श्रीजेश ने कहा, मुझे लगता है कि इस प्रो लीग ने हमें विश्व कप और एशियाई खेलों की तैयारी के लिए कड़ा सबक सिखाया है।

एशियाई खेलों का आयोजन 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक जापान के आइची-नागोया में किया जाएगा। विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक नीदरलैंड और बेल्जियम में आयोजित किया जाएगा। पेरिस ओलंपिक खेलों के बाद संन्यास लेने के बाद श्रीजेश अब भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच हैं और वह इसका आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी दिनचर्या पहले जैसी ही है। जब आप सुबह जल्दी उठते हैं तो खिलाड़ियों को तैयार करने के बारे में सोचते हैं। यह सुनिश्चित करते हैं कि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं और बाकी दिन अगले सत्र की तैयारी करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि पहले शारीरिक हिस्से पर अधिक जोर देना पड़ता था लेकिन अब दिमाग पर ज्यादा जोर देना पड़ता है लेकिन मैं इसका पूरा आनंद ले रहा हूं। भारत इस वर्ष 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में एफआईएच जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा और श्रीजेश अपने खिलाड़ियों को तैयार करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, उनके (खिलाड़ियों) लिए सबसे बड़ी चुनौती जूनियर विश्व कप है क्योंकि चार देशों के टूर्नामेंट और इस तरह की अन्य प्रतियोगिताएं उन पर जूनियर विश्व कप जितना दबाव नहीं डालतीं।

मेरा काम उन्हें इन टूर्नामेंट के लिए अच्छी तरह से तैयार करना है। जूनियर विश्व कप में भारत को पूल बी में पाकिस्तान, चिली और स्विट्जरलैंड के साथ रखा गया है। हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण जूनियर विश्व कप में पाकिस्तान की भागीदारी पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं, लेकिन श्रीजेश किसी एक विशेष टीम पर ध्यान केंद्रित नहीं करना चाहते हैं।

कलेक्टर के निर्देश का हो रहा है पालन

# निराश्रित गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल भेजने की गई कार्यवाही




**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार द्वारा सड़कों पर सुरक्षित आवागमन और निराश्रित पशु एवं गौवंश को सुरक्षित आश्रय स्थल में विस्थापित करने के उद्देश्य से गत दिवस जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश धारा 163 लागू की गई है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित स्थानीय निकाय के अधिकारी व अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था।

जिला कलेक्टर के निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा वांछित कार्यवाही की जा रही है, जिसके तहत जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सड़कों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं को कर्मचारियों की टीम द्वारा गौशाला भिजवाया गया। मंगलवार की रात्रि को नगर पालिका परिषद पन्ना की टीम ने भी निराश्रित गौवंश को शहर की सड़कों से हटाने की कार्यवाही की। साथ ही अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत फरस्वाहा द्वारा 92 गौवंश को राधा गौशाला कड़रहा भेजा गया। इसके पूर्व भी ग्राम पंचायत देवगांव, प्रतापपुर सहित गुनौर, पवई, शाहनगर और रैपुरा क्षेत्र की विभिन्न गौशालाओं में निराश्रित गौवंश को शिफ्ट किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने भी गौशाला की आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। गौशालाओं में पंजी संधारित कर आवश्यक जानकारियों का संधारण भी किया जा रहा है। गौवंश की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से टैगिंग कार्य भी करवाया जा रहा है। गौवंश को रेडियम पट्टे भी लगाए गए हैं। जिला प्रशासन की इस कार्यवाही से स्थानीय नागरिक भी खुश हैं। इससे मुख्य मार्गों सहित अन्य सड़कों पर भी वाहन चालाकों को आवागमन में सुविधा मिल रही है। इसके अलावा सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम के साथ निराश्रित पशु व गौवंश की सुरक्षा भी सुनिश्चित हुई है। यह कार्यवाही आगामी दिवसों में भी निरंतर जारी रहेगी।

उल्लेखनीय है कि जिला कलेक्टर द्वारा पशुपालकों को पालतू पशु रखने की व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पालतू गौवंश सड़क पर मिलने की स्थिति में निकट की गौशालाओं में भेजा जाएगा। गौशाला में विस्थापन की पर पशुपालक से अर्थदण्ड वसूलकर गौवंश वापस करने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके बावजूद भी घटना की पुनरावृत्ति होने पर पशुपालकों के विरूद्ध भी मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। स्थानीय थाना प्रभारी भी इन घटनाओं का स्वत: संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही कर सकेंगे।

## जिला अस्पताल पन्ना में बड़ी लापरवाही आई सामने

### एक्सपायर डेट की बोतल चढ़ा दी मरीज को उसकी हालत होने लगी खराब

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय पन्ना अनेक कारनामों के चलते सुर्खियों में रहता है इसी प्रकार का मामला सामने आया है जिसमें जिला अस्पताल के प्रबंधन की लापरवाही सामने आई है पुराना पन्ना निवासी जीशान पिता युसूफ उम्र 11 वर्ष उल्टी दस्त के चलते भर्ती किया गया था जिसको नर्सों द्वारा बॉटल लगाई गई थी कुछ समय बाद जीशान को ठंडी लगने लगी तथा उसकी हालत खराब होने लगी जिसे देखकर उसके मामा शेख अंजाम ने बच्चों को चढ़ाई गई बोतल की एक्सपायरी डेट देखी तो वह बोटल चार माह पूर्व मार्च 2025 में एक्सपायर हो गई थी उसी को चढ़ा दिया गया था तत्काल नर्स को बताया गया तो उसने उक्त बोतल को बदल दिया दूसरी बोतल लेकर आई तो उसमें भी एक्सपायरी डेट जून 2025 लिखी हुई थी इस प्रकार से जिला चिकित्सालय में मनमानी तथा गैर जिम्मेदार पूर्ण कार्य चल रहा है मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी आर पी तिवारी से की गई है मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री तिवारी ने जांच के निर्देश दिए हैं आगे देखना है क्या कार्रवाई की जाती है।

# अफसरशाहों की मूकदर्शक कार्यप्रणाली ने ले ली जान, शहडोल में हादसा

### सीवर लाईन में कार्य करने के दौरान दो मजदूर दबे, रेस्क्यू ऑपरेशन में 1 मिला व दूसरे की तलाश रही जारी



**शहडोल।** जिले के जिम्मेदार विभाग से लेकर मुखिया तक गुहार लगाकर जैसा कि, जनता बारंबार चेता रही थी। आखिर वही हुआ! जिम्मेदार और मुखिया मुकदर्शक की भांति मौन साधना में लीन रहे। परिणाम स्वरूप दो मजदूरों की जीवन लीला समाप्त हो गई और साथ ही उनके मजबूर परिवार की मासूम उम्मीदें भी दफन हो गए। अफसरशाहों की लापरवाही का एक जीता जागता नजारा लोगों ने देखा और कोसते दिखे। बता दें कि, गुरुवार की दोपहर करीब 12:30 बजे भारी बारिश की चेतावनी और थम-थमकर होती बरसात के बावजूद, चल सीवर लाईन प्रोजेक्ट में काम के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ। बताया गया है कि, 2 मजदूरों की मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार, गुजरात की एक निजी ठेका कंपनी स्नेहल कंस्ट्रक्शन के द्वारा शहर के वार्ड क्रमांक- 1, कोनी (मदरसे के पास) में सीवर लाईन डालने का कार्य कराया जा रहा था। तभी नाली खुदाई के दौरान अचानक से आसपास की मिट्टी धसक गई और वहां कार्यरत दोनों मजदूर लगभग 12-15 फीट नीचे मिट्टी में दब गए। हादसे की जानकारी लगते ही, जिला प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका की टीमें मौके पर पहुंची। जिसके बाद दो जेसीबी मशीन के माध्यम से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू हुआ। जिसके बाद कुछ देर में तो एक मजदूर को निकाल लिया गया। जो लगभग मृत बताया गया है। हालांकि, उसे बाहर निकालने के तुरंत बाद ही मेडिकल कॉलेज के लिए भिजवाया दिया गया। उक्त मजदूर की हालत और तस्दीक खबर लिखे जाने तक नहीं हो सकी। वहीं दूसरे की तलाश भी देर शाम खबर लिखे जाने तक जारी रही। बताया गया है कि, दो में से एक मजदूर शहडोल से ही लगे ग्राम कोटमा का है। रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव, एसडीएम अरविंद शाह, नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल, सीएमओ अक्षत बुंदेला, सोहागपुर थाना प्रभारी भूपेन्द्रमणि मिश्रा और कोतवाली प्रभारी रावेंद्र तिवारी अपने दलबल सहित घटनास्थल पर मौजूद रहे और राहत कार्य की निगरानी करते रहे।

# समग्र ई-केवाईसी में लापरवाही पर 2 पंचायत सचिव निलंबित

### ग्राम रोजगार सहायकों को आधा मानदेय और 18 के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित

**पन्ना।** कलेक्टर पन्ना द्वारा समग्र ई-केवाईसी की निरंतर समीक्षा की जा रही है। इस क्रम में जनपद पंचायत पन्ना की न्यून प्रगति की ग्राम पंचायतों की समीक्षा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमराव सिंह मरावी द्वारा गत 15 जुलाई को की गई, जिसमें जनपद की सबसे खराब प्रगति की ग्राम पंचायत सिरस्वाहा के सचिव कमलेन्द्र सिंह तथा सकरिया के सचिव पुष्पेन्द्र सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर जनपद पंचायत कार्यालय मुख्यालय नियत किया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत सिरस्वाहा के ग्राम रोजगार सहायक मनोज कुमार पाल एवं ग्राम पंचायत सकरिया के ग्राम रोजगार सहायक लोकेन्द्र सिंह के विरूद्ध विस्तृत जांच संस्थित कर 50 प्रतिशत मानदेय भुगतान किये जाने संबंधी आदेश जारी किये गये हैं। इसके अतिरक्त खराब प्रगति की ग्राम पंचायत बराछ, धरमपुर, मनौर, झरकुआ, बड़गड़ीखुर्द, गौरा, तिलगुवां, मनकी, सिलधरा, मुटवांकलां, बृजपुर, लक्ष्मीपुर, इटवांखास, दिया, लुहरहाई, मकरीकुठार, रमखिरिया तथा बख्तरी के सचिव और ग्राम रोजगार सहायकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने संबंधी कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये हैं।

शहडोल में ऑयल पेंट और ड्राई फूट्स मामला

# छुपा करोड़ों का घोटाला, सवाल- ये किसने हरा रंग डाला?

### बोले कलेक्टर- छात्रावास में इकट्ठा क्रय हुआ ड्राई फूट्स, तो क्या अन्य छात्रावासों में भी आता है इतना बजट... जिससे हो सके साल भर की खरीदी?

**शहडोल।** बीते कुछ दिनों में संभाग के विभागों में जो भी हुआ या जो हो रहा है, वह सामान्य प्रदर्शित नहीं। एक के बाद एक भ्रष्टाचार जिस तरह लगातार, शिक्षा विभाग व अन्य विभाग से निकल कर उजागर हुआ! यह न केवल प्रदेश अपितु राजधानी के धुरी में भी चर्चा का विषय बना। यह आदिवासी बाहुल्य अंचल, जो कल तलक अपनी कई अन्य विशेषताओं को लेकर जाना जाता रहा,, आज भ्रष्टाचारिता की ख्याति बटोर रहा है। पहले करोड़ों का भ्रष्टाचार, फिर डैमेज कंट्रोल! मानो भ्रष्टाचारियों को संरक्षण? यहां सवाल यह भी है कि, कहीं यह कोई सोची समझी रणनीति और राजनीति का दर्शन तो नहीं?

#### कार्रवाई के इतर बयान अजीबोगरीब

खैर इतना तो जरूर तय है कि, यहां जो कुछ भी देखने मिला,, वह इस आदिवासी अंचल एवं जनहित में तो नहीं ही है। ऑयल पेंट और ड्राई फूट्स बिल घोटाला सामने आने के बाद जिला प्रशासन की जांच व कार्रवाई मानो संरक्षण रूपी कवच मात्र ही प्रतीत है। ऐसा इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि, मामला उजागर होने के बाद जिम्मेदारों को नोटिस तो जारी हुई। लेकिन, किसी ठोस कार्रवाई किए जाने के इतर, बयान अजीबोगरीब?




कहीं एआई जनरेटेड बिल का हवाला तो कहीं ग्राम पंचायत भदवाही में उक्त दिनांक को कार्यक्रम न होने और बिल नहीं काटे जाने की बात। कहीं तो बच्चों के लिए इकट्ठा ही (साल भर का) ड्राई फूट्स क्रय किया जाना बताया जाना।

#### बयान कितनों के किए गए दर्ज

बड़ा प्रश्न यह है कि, इन पूरे मामले के सामने आने के बाद कितनों के बयान दर्ज किए गए? किस एक्सपर्ट से निपनिया व सकंदी पंचायत में लगे बिल की जांच कराई गई, जिससे बिल एआई जनरेटेड प्रमाणित हुआ! यह बताया नहीं गया? क्या कस्तूरबा गांधी छात्रावास टेटका में बच्चों के मीनू आधार पर ड्राई फूट्स लिए गए? जिस मात्रा अनुरूप क्रय किया गया,, क्या उतने बच्चों की संख्या उस छात्रावास की उपस्थिति पंजी में दर्ज है? क्या बच्चों को उन ड्राई फूट्स का स्वाद मिला भी या नहीं? क्या इस वर्ष की भांति, पिछले वर्षों में भी ड्राई फूट्स क्रय हुआ, अगर हां तो... मात्रा कितनी रही?

बहरहाल, यह मान भी लें कि, पेंट घोटाला मामले में बिल फर्जी यानि कि,, एआई जनरेटेड है तो क्या इस मामले में पुलिस एफआईआर दर्ज कराई गई है... नहीं तो क्यों? माना, बिल एआई जनरेटेड है तो, वह कैसे शासकीय प्रक्रिया का हिस्सा बना? और संबंधित बिल का भुगतान आखिरकार किस माध्यम और आधार पर हुआ? सूत्रों की मानें तो, इस पूरे मामले में कार्रवाई किए जाने को लेकर भले ही जिला प्रशासन की मंशा बिल्कुल साफ है। लेकिन, सत्ताधीशों के दबाव में जिला प्रशासन स्वयं बचाव की मुद्रा में नजर आ रहा है। ऐसे कई और भी सवाल हैं। जिसका जवाब शायद जिला प्रशासन को खोजने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

#### इनका कहना है

जांच कराया है। पेंट घोटाले को लेकर जो बिल वायरल हुआ, वह सही नहीं है। एआई जनरेटेड है। जिस दिन ग्राम भदवाही में कार्यक्रम आयोजन की बात कही गई, उस दिन आयोजन हुआ ही नहीं और न ही उस दिनांक को ड्राई फूट्स क्रय किए जाने का बिल काटा गया है। टेटका छात्रावास में रहने वाले छात्रों के लिए इकट्ठा ही ड्राई फूट्स क्रय किया गया है।

**केदार सिंह**
**कलेक्टर, शहडोल**

## विधायक ने आजीविका भवन का किया लोकार्पण

**शहडोल।** जनपद पंचायत जयसिंहनगर के ग्राम सीधी में ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री शरद कोल ने मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीण बहनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह भवन एक नई उम्मीद लेकर आया है। राज्य सरकार की यह पहल स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन और रोज़गार के अवसर उपलब्ध कराएगी। इस अवसर पर स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रही।

## जल निकासी की सही व्यवस्था न होने पर गरीब विकलांग के घर में घुसा पानी, गृहस्ती का सामान हुआ खराब

**पन्ना।** तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत धरमपुर के ग्राम बडेरा निवासी रोहित कोरी के घर के सामने से लोकनिर्माण विभाग की सड़क बनाई गई थी उक्त सड़क से पानी की निकासी की व्यवस्था सही न होने पर लोगों के घरों में पानी भर रहा है इसी प्रकार की समस्या से गरीब दिव्यांग रोहित कोरी का परिवार पीड़ित है जब भी बारिश होती है उसके घर में दो-दो तीन-तीन फुट पानी भर जाता है जिससे घर गृहस्ती का समान खराब हो रहा है परेशान दिव्यांग रोहित करी ने बताया कि पूर्व में वह बिजली विभाग में काम करता था काम करते समय अचानक करंट की चपेट में आ गया था तो मेरा एक हाथ कट गया जिससे अब कोई काम नहीं कर पा रहा हूं घर में कोई कमाने वाला नहीं है तथा इस प्रकार की समस्या आने के चलते बुरी तरह पूरा परिवार परेशान है लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी उक्त समस्या से अवगत कराया गया लेकिन समस्या का कोई निराकरण नहीं हुआ है पीड़ित ने जिला कलेक्टर से न्याय दिलाने की मांग की।

# कलेक्टर के आदेश पर न्यायालय ने लगाई रोक

### पन्ना बाईपास जमीन का मामला

**पन्ना।** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता श्रीकांत दीक्षित और उनकी पत्नी आशा दीक्षित ने जिला प्रशासन की मनमानी के खिलाफ बड़ी कानूनी जीत हासिल की है। न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्रीमती रितिका मिश्रा (पाठक) ने कलेक्टर द्वारा श्रीकांत दीक्षित और उनकी पत्नी आशा दीक्षित की जमीन से उन्हें ही अवैधानिक रूप से वेदखल करने का प्रयास करने को गैरकानूनी ठहराते हुए प्रशासन को कड़ा झटका दिया है। मामला खसरा नंबर 2109/2/1 (0.5730 हेक्टेयर) और 2109/2/3 (0.250 हेक्टेयर)



की जमीन से जुड़ा है, जहां प्रशासन ने बिना वैध आदेश के विवादित बोर्ड लगाकर कब्जा करने की कोशिश की थी। दीक्षित दंपति ने कोर्ट में वाद दायर कर इस कार्रवाई को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी भूमि को शासकीय घोषित करने या उस पर कब्जा करने के लिए विधिक प्रक्रिया का पालन अनिवार्य है। कोर्ट ने पाया कि दीक्षित दंपति ने परमिशन के साथ जमीन खरीदी थी और पूर्व में विक्रय संव्यवहार को पूर्व कलेक्टर द्वारा वैध पाया जाने से शिकायती नस्तीबद्ध की गई है। इसके बावजूद कलेक्टर द्वारा दोबारा उन्हीं बिन्दुओं पर की जा रही कार्रवाई को वैध नहीं माना। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा, कोई भी प्रशासनिक अधिकारी बिना विधिक प्रक्रिया के किसी की जमीन पर कब्जा नहीं कर सकता। कोर्ट ने प्रशासन को श्रीकांत दीक्षित व श्रीमती आशा दीक्षित के कब्जे में हस्तक्षेप करने से रोकने का निर्देश दिया। अब प्रशासन इस पर तोड़फोड़ नहीं कर सकेगा।

## लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में 1 अगस्त से प्रशिक्षण का नया सत्र प्रारंभ 25 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**शहडोल**

प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा विश्वम्भर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया है कि लेखा प्रशिक्षण शाला रीवा में लेखा प्रशिक्षण का नियमित सत्र 01 अगस्त 2025 से 15 अक्टूबर 2025 तक प्रारंभ हो रहा है। आवेदन पत्र दिनांक 24 जुलाई 2025 तक कार्यालय में स्वीकार किये जायेंगे। अर्धशासकीय विभाग के प्रशिक्षणार्थियों को रू. 2000/- का चालान द्वारा सम्बन्धित शीर्ष 0070 अन्य प्रशासनिक सेवायें 800 अन्य प्राप्तियाँ 00-101-0000-00 में जमाकर आवेदन पत्र के साथ कार्यालय लेखा प्रशिक्षण शाला सिल्पी प्लाजा ब्लाक-ए द्वितीय तल रीवा में जमा करना होगा। इस प्रशिक्षण में वही लिपिक वर्गीय कर्मचारी सम्मिलित हो सकेगें जिनकी सेवा नियमित रूप से एक वर्ष या अधिक हो तथा जो म0प्र0 शासन वित्त विभाग के नवीन विभागीय परीक्षाओं की व्यवस्था विषयक आदेश कमाक / डीटीए / परीक्षा/2016/56 भोपाल दिनांक 30/05/2016 अनुसार पात्र हों। लेखा प्रशिक्षण शाला में प्रवेश एवं परीक्षा तथा अग्रिम वेतन वृद्धि के संबंध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी नियम/निर्देश मान्य होगें।

## जिले में अब तक 459.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सतना।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 17 जुलाई तक 459.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख सतना से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले की सतना (रघुराजनगर) तहसील में 570.3 मि.मी., सोहावल (रघुराजनगर) में 339.2 मि.मी., बरौंधा (मझगवां) में 534.5 मि.मी, बिरसिंहपुर में 339.2 मि.मी., रामपुर बाघेलान में 425.2 मि.मी., नागौद में 588.7 मि.मी., जसो (नागौद) में 192.3 मि.मी. एवं उचेहरा में 688.5 मि.मी. औसत वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 891.7 मि.मी. है। विगत वर्ष इस अवधि तक जिले में औसत वर्षा 173 मि.मी. वर्षा दर्ज की जा चुकी थी।

## पंचायत उप निर्वाचन के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सतना**

मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वाद्ध) के लिये जिले की ग्राम पंचायतों में रिक्त सरपंच पद हेतु मतदान 22 जुलाई को प्रात: 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा ग्राम पंचायतों में रिक्त सरपंच पद का मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपन्न कराये जाने एवं मतदान केन्द्र परिसर पर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए राजस्व अधिकारियों को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिसमें जनपद पंचायत सोहावल की ग्राम पंचायत बठियाकला में प्रभारी तहसीलदार कोठी सौरभ द्विवेदी तथा जनपद पंचायत उचेहरा की ग्राम पंचायत भरहटा के मतदान केन्द्र में नायब तहसीलदार उचेहरा परमानंद तिवारी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आवंटित ग्राम पंचायत में स्थापित मतदान केन्द्र में मतदान दिवस 22 जुलाई को सतत भ्रमण करते हुए कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए उत्तरदायी होंगे। यह आदेश तत्काल प्रभावशील रहेगा।

## विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ का प्रषिक्षण संपन्न

**सतना।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार आयोग द्वारा बूथ लेवल आफीसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण 7 जुलाई से प्रारंभ किया जाकर 17 जुलाई को संपन्न किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस के निर्देशन में बुधवार को विधानसभा क्षेत्र रैगांव में 77, सतना में 40, नागौद में 37 तथा विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान में 37 बीएलओ को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा आयोग से प्राप्त पीपीटी के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

# बाढ आपदा की स्थिति की आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम संचालित

**सतना।** मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के निर्देश के अनुसार अतिवर्षा एवं बाढ की स्थिति में निपटने की पूर्व तैयारियों संबंधी जिला स्तरीय विभागों की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार बाढ-आपदा स्थिति में आवश्यक सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए कन्ट्रोल रूम संचालित किया जा रहा है। सतना में 10 जून 2025 से 24 घण्टे कार्यशील कन्ट्रोल रूम कलेक्ट्रेट भवन के प्रथम तल कक्ष क्रमांक एफ-19 में जिला स्तरीय कन्ट्रोम रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07672-223211 है। कन्ट्रोल रूम हेतु अधिकारियों कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी राहत शाखा एवं डिप्टी कलेक्टर राहुल सिलाडिया मो. 7987425459 को बनाया गया है।

कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम के लिए अधीक्षक भू-अभिलेख-भू-प्रबंधन मुन्नालाल तिवारी कन्ट्रोल रूम के सहायक अधिकारी होंगे। इसी प्रकार कन्ट्रोल रूम में प्रात: 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक के लिए सहायक ग्रेड-3 कैलाशनाथ वर्मा, भृत्य चंद्रभान गुप्ता, स्थाई कर्मी परमेन्द्र त्रिपाठी, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक के लिये सहायक ग्रेड-3 राहुल चौहान, चौकीदार संजय श्रीवास्तव, चतुर्थ श्रेणी सूरज प्रसाद वर्मा तथा रात्रि 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक के लिये सचिव हरिमोहन शुक्ल, उप स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार गुप्ता एवं भृत्य सुरेश कुमार वर्मन को नियुक्त किया गया है। साथ ही रिजर्व में चैनमेन जय सिंह, भृत्य प्रमोद पाण्डेय, ट्रेसर राजनारायण के नाम शामिल है।

यह कन्ट्रोल रूम 30 सितंबर 2025 तक निरंतर (अवकाश के दिनों में भी) चालू रहेगा। कर्मचारी कन्ट्रोल रूम में आने वाली अतिवर्षा एवं बाढ की सूचना का संपूर्ण विवरण (सूचनाकर्ता को नाम, मोबाइल नम्बर, सूचना प्राप्त होने का समय, प्रभावित क्षेत्र, ग्राम, वार्ड, तहसील की जानकारी, बाढ का स्वरूप, घटना विवरण इत्यादि संबंधी विस्तृत जानकारी) कन्ट्रोल रूम में संधारित रजिस्टर में दर्ज करेंगे। इसके पश्चात बाढ प्रभावित क्षेत्र से संबंधित प्रमुख अधिकारी से दूरभाष पर तत्काल संपर्क कर सूचना से अवगत करायेंगे। जिस पर संबंधित प्रमुख अधिकारी इस संबंध में तत्काल समुचित कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे। प्रभारी अधिकारी कन्ट्रोल रूम दूरभाष के माध्यम से प्राप्त समस्त अतिवर्षा, बाढ स्थिति सूचनाओं एवं कृत कार्यवाही की संपूर्ण जानकारी से प्रभारी अधिकारी राहत शाखा को प्रतिदिन अवगत करायें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अतिवर्षा के दृष्टिगत सभी अधिकारी, कर्मचारी आदेश कडाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे। किसी भी प्रकार की लापरवाही होने पर संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 18 जुलाई 2025 | 8

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में रामायण शोधपीठ की स्थापना की जाएगी। जगतगुरू श्री रामभद्राचार्य के साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शिलापट्टिका का अनावरण किया।



# श्रीराम का चरित्र अनुकरणीय है : जगतगुरू रामभद्राचार्य

## अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में रामायण शोधपीठ की स्थापना का हुआ उद्घाटन

**आध्यात्म, धर्म और संस्कृति के साथ विकास वरदान बनता है - उप मुख्यमंत्री**

**रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रगटीकरण होता है : लोधी**



**रीवा।** अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में रामायण शोधपीठ की स्थापना की जाएगी। जगतगुरू श्री रामभद्राचार्य के साथ उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं संस्कृति राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने शिलापट्टिका का अनावरण किया। विश्वविद्यालय के शंभूनाथ शुक्ल सभागार में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए जगतगुरू ने कहा कि राम चारित्र वत्सल हैं। उनका आदर्श अनुकरणीय है। जितना विपुल साहित्य भगवान राम का है उतना और किसी का नहीं है। रामायण शोध पीठ की स्थापना रीवा विश्वविद्यालय के लिए शुभ हो और यह रामायण के शोधार्थियों के लिए वरदान बने। इसकी स्थापना रीवा के पूर्व महाराज रामायण अनुरागी श्री रघुराज सिंह को श्रद्धांजलि भी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में आचार्यों को ऐसी मर्यादा प्रस्तुत करनी चाहिए जिससे शिष्य उनका अनुकरण करें। जगतगुरू ने रामचरित मानस को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित किए जाने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि तुलसी जयंती के अवसर पर तुलसी शोध पीठ में रामायण शोध चित्रकूट पीठ की स्थापना की जाएगी।

कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि देश की सबसे बड़ी ताकत आध्यात्म धर्म और संस्कृति है। इनके साथ से ही विकास वरदान बन जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस विन्ध्य भूमि में भगवान राम ने वनवास के 14 वर्ष बिताये वहाँ रामायण पीठ की स्थापना आवश्यक है। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय ने अनुकरणीय कार्य किया है। आज का दिन अविस्मरणीय रहेगा जब जगतगुरू के कर-कमलों से पीठ की स्थापना का उद्घाटन हुआ। रामायण पीठ के माध्यम से रामायण के गुणों को अंगीकार करने और शोधार्थियों को नवीनतम शोध में मदद मिलेगी। उन्होंने रामायण पीठ के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा आश्वस्त किया कि अन्य आवश्यकताओं की भी पूर्ति की जाएगी। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि रामायण के माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रगटीकरण होता है। चरित्रवान व मर्यादाशील होने का भगवान राम से सीख मिलती है। रामायण की शिक्षाएं आज के परिवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# यात्री बसों पर किराया सूची और परमिट की हुई गहन जांच

## हनुमना-रीवा मार्ग पर आरटीओ रीवा की बड़ी कार्यवाही



**रीवा।** रीवा आरटीओ विभाग द्वारा हनुमना-रीवा मार्ग पर चलने वाली यात्री बसों पर एक विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस कार्रवाई के तहत आरटीओ टीम ने हनुमना चेक पॉइंट और रीवा परिवहन सुरक्षा स्कवाड़ ने बसों की किराया सूची, परमिट वैधता, और अवैध संचालन की गहन जांच की।

जांच के दौरान कई बसों में किराया सूची चस्पा न होने और वैध परमिट के अभाव जैसी गंभीर अनियमितताओ की जांच की गईं।परिवहन अधिकारियों ने मौके पर ही कई बसो के चालान जारी किए और उन्हें मोटरयान अधिनियम 19,88 के अनुरूप वाहन चलाने और नियमों का पालन करने की कड़ी हिदायत दी।आरटीओ रीवा के अधिकारी ने बताया कि यह अभियान यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा, और नियमित किराया प्रणाली को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया गया। उन्होंने कहा कि बिना परमिट या तय किराये से अधिक वसूलने वाली बसों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जाँच में यात्रियों से भी किराया के संबंध में पूछताछ की गई और उनके टिकटों की जाँच की गई ह्न यात्रियों ने भी इस जांच कार्रवाई का स्वागत किया और कहा कि इससे उन्हें मनमाने किराये और अवैध बस संचालन से राहत मिलेगी।आरटीओ विभाग ने साफ किया है कि भविष्य में भी ऐसे औचक निरीक्षण जारी रहेंगे, ताकि सभी बसें नियमों के अनुरूप संचालित हों और आम यात्रियों को बेहतर सेवाएं मिल सकें।आज दो बसें दस्तावेज़ न पाए जाने के कारण परिवहन कार्यालय रीवा में जप्त की गई और आठ यात्री बसों के चालान किराया सूची न होने पर बनाए गए।

# जिले में भारी बारिश से कई स्थानों पर हुआ जल भराव



**रीवा।** जिले में लगातार बारिश होने से कई क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई। रीवा नगर निगम में घरों तथा निचली बस्तियों से जल भराव से निपटने के लिए नगर निगम की टीम लगातार प्रयास करती रही। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के मार्गदर्शन में पानी निकासी की व्यवस्था में अधिकारी और कर्मचारी मुस्तैद रहे। रीवा स्थित किला रोड में क्षतिग्रस्त मकान से लोगों को बाहर निकाला गया। ग्राम पंचायत मझिगवां एवं सेमरिया में जल निकासी की व्यवस्था कराई गई। इसी प्रकार नगर परिषद सिरमौर में वार्ड क्रमांक 11 में पानी भर गया था जिसे नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तत्परतापूर्वक बाहर निकलवाया। कलेक्टर ने एसडीएम और तहसीलदार को क्षतिग्रस्त मकान का सर्वे कर राहत राशि का प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। नगर निगम एवं जिला पंचायत में स्थापित कंट्रोल रूम में जल भराव की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं होमगार्ड के जवानों ने राहत और बचाव का कार्य किया।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने त्योंथर क्षेत्र का दौरा कर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का लिया जायजा



**रीवा।** जिले में 16 जुलाई से लगातार बारिश हो रही है। इसी अवधि में सतना जिले तथा मिर्जापुर क्षेत्र में भी लगातार बारिश होने से त्योंथर में नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। कई बस्तियों में जल भराव होने के कारण लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाया गया है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने त्योंथर पहुंचकर भारी बारिश से उत्पन्न स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने त्योंथर में तीन स्थानों पर बनाए गए राहत शिविरों का निरीक्षण किया। बालक छात्रावास का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने कहा कि यहाँ भोजन और पानी की सुविधा उपलब्ध है। यहाँ पर्याप्त मात्रा में राशन भण्डारित कराएं। मेडिकल टीम राहत शिविरों का लगातार दौरा करती रहे। इसके बाद कलेक्टर ने बेलन और टमस के संगम स्थल मांगी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने ग्रामवासियों से भारी बारिश के संबंध में चर्चा कर लोगों को सतर्क रहने को भी कहा। कलेक्टर ने लोगों से कहा कि जल भराव अथवा बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर तुरंत सुरक्षित स्थलों में जाना चाहिए। जलभराव अथवा बाढ़ जैसी स्थिति निर्मित होने पर एसडीआरएफ की टीम भी तैनाती की गई है ताकि लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा सके। कलेक्टर को ग्रामवासियों ने बताया कि वर्ष 1994 और 1997 में यहाँ भीषण बाढ़ आई थी। अभी टमस नदी का जल स्तर सामान्य है लेकिन बेलन नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री जल संसाधन त्योंथर श्री त्रिपाठी ने बताया कि मेजा बांध के 13 गेट खुले थे जिनमें से अब 10 गेट बंद कर दिए गए हैं। अदवा बांध के भी गेट अभी बंद कर दिए गए हैं। दो-तीन घंटे में बेलन नदी का जल स्तर घट जाएगा। अब मिर्जापुर क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही है। मौके पर उपस्थित एसडीएम त्योंथर प्रभाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि टमस और बेलन नदी के किनारे के गांवों में लगातार एनाउंसमेंट किया जा रहा है। पटवारी और ग्राम पंचायत सचिव हर घंटे नदियों के जल स्तर की रिपोर्ट दे रहे हैं। ग्राम डीही में 10 लोग बाढ़ से घिर गए थे जिन्हें एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुरक्षित निकाल लिया गया है। उन्हें बनाए गए राहत शिविरों में ले जाया गया है। राहत शिविर में भोजन और पानी की उपलब्धता भी करा दी गई है। कलेक्टर ने कहा कि चाकघाट, त्योंथर और सोहागी में आठ राहत शिविर बनाए गए हैं। बाढ़ आने पर लोगों को इन राहत शिविरों में रखा जाएगा। इन राहत शिविरों में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कंट्रोल रूम के संपर्क में रहकर वर्षा की स्थिति की लगातार जानकारी लेते रहें। नदियों के जल स्तर में यदि वृद्धि होती है तो लोगों को सुरक्षित स्थानों में पहुंचाएं। किसी भी स्थिति में जनधन की हानि नहीं होनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में लगातार भ्रमण करने और राहत और बचाव कार्य लिए मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

# विभागीय अधिकारी अलर्ट मोड में रहें : कमिश्नर

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर श्री बीएस जामोद ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी अलर्ट मोड में रहें तथा दिर्निष्ट क्षेत्र का सतत भ्रमण करें। उन्होंने कहा कि रात्रि से हो रही लगातार वर्षा से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो सकती है अतः बांधों और जलाशयों में जलभराव पर सतत निगरानी रखें।

कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में कमिश्नर ने संभागन्तर्गत बांधों के जल स्तर की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिये कि आवश्यकतानुसार गेट खोले जाने की कार्यवाही करें तथा गेट खोलने से पूर्व आसपास क्षेत्र के लोगों को सचेत करें। उन्होंने कहा कि नदियों में जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है ऐसी स्थिति में खतरे के निशान तक पहुंचने से पूर्व प्रभावित होने वाले क्षेत्र के रहवासियों को सुरक्षित स्थान में पहुंचाया जाय। कमिश्नर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदानी अमला लगातार भ्रमण कर बांधों, नहरों व जलाशयों की स्थिति की सूचना दें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सतर्कता बरतें तथा क्षेत्र में रहें। किसी भी स्थिति की तत्काल सूचना मोबाइल पर व्यक्तिगत उपलब्ध कराने के निर्देश कमिश्नर ने अधिकारियों को दिये।

बैठक में मुख्य अभियंता डेहरिया, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय व सिंचाई विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री ने मुख्यमंत्री जी के ससुर के निधन पर शोक प्रकट किया

**रीवा**



प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने रीवा पहुंचकर मुख्यमंत्री जी के ससुर स्व. ब्राम्हानंद यादव के निधन पर शोक प्रकट किया। उन्होंने संजय नगर स्थित आवास में स्व. यादव को श्रृद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

# रीवा को कृषि अवसंरचना मद में सर्वाधिक लाभ लेने वाला संभाग बनाएं : कमिश्नर

**रीवा।** मंडी बोर्ड तथा कृषि विभाग द्वारा माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के सभागार में कृषि अवसंरचना मद की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए रीवा संभाग के कमिश्नर बस जामोद ने कहा कि बाणसागर बांध का निर्माण पूरा होने के बाद पूरे विंध्य क्षेत्र में कृषि का तेजी से विकास हुआ है। इसके साथ ही कृषि पर आधारित उद्योगों का भी तेजी से विकास हो रहा है। कृषि अवसंरचना मद इसमें किसानों और उद्यमियों को पूरा सहयोग देता है। रीवा संभाग में इस योजना से गत वर्ष 58 करोड़ के लक्ष्य के विरुद्ध 155 करोड़ रुपए का लक्ष्य प्राप्त किया गया। इस वर्ष शासन ने रीवा संभाग को 218 करोड़ रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। सबके सहयोग से इस लक्ष्य को भी हम प्राप्त करेंगे। इस पर आधारित उद्यम स्थापित करने वाले तथा एफपीओ कृषि अवसंरचना मद में रीवा संभाग को प्रदेश में सर्वाधिक लाभ लेने वाला संभाग बनाएं। सबके प्रयासों से हम इस लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे। कमिश्नर ने कहा कि बैंकर्स कृषि अवसंरचना मद के प्रोजेक्ट में सकारात्मक दृष्टिकोण से ऋण और अनुदान मंजूर करें। जिन हितग्राहियों को इस मद की जानकारी नहीं है उन्हें भी इसमें पंजीयन कराकर कृषि अवसंरचना मद का लाभ दें। आज की कार्यशाला में संभाग के सभी जिलों के जो प्रतिनिधि शामिल हुए हैं वह सब इस योजना के अग्रदूत के रूप में अपने जिले में काम करें। इस योजना का स्वयं लाभ लेने के साथ-साथ दूसरों को भी कृषि अवसंरचना मद का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें।

कार्यशाला के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए उप संचालक मंडी बोर्ड पूजा सिंह ने कहा कि कृषि अवसंरचना मद में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। गत वर्ष प्रदेश को 7440 करोड़ रुपय का लक्ष्य देश को मिला था। हमें इससे अधिक उपलब्धि हासिल हुई। इस वर्ष 11940 करोड़ रूपए का लक्ष्य मिला है। इसी योजना के तहत 2 करोड़ रुपए तक की लागत के उद्योग लगाने पर ब्याज में तीन प्रतिशत अनुदान का लाभ दिया जाता है। इसमें किसी तरह की क्रेडिट गारंटी की आवश्यकता नहीं है।


# पंचायत सचिव निलंबित

**रीवा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने ग्राम पंचायत कोनीकला के सचिव शिवभूषण द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नशे की हालत में पंचायत दिवस का अश्लील वीडियो वायरल हुआ था। गंभीर कदाचरण की श्रेणी में मानते हुए पंचायत सचिव को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय जवा नियत किया गया है।

# छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं, जिसका छात्रों की नेतृत्व क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा



**रीवा।** मध्यप्रदेश में 2017 के बाद से कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव नहीं हुए हैं, जिसका छात्रों की नेतृत्व क्षमता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। छात्रसंघ चुनाव छात्रों को नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल, और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भागीदारी का अनुभव प्रदान करते हैं। प्रदेश की सरकार को छात्रसंघ के चुनाव बहाल करके युवाओं को मौका देना चाहिए जिससे नए जिम्मेदार नेतृत्व उभर के आएंगे। अब तक छात्र राजनीति ने प्रदेश को कई बड़े नेता दिए हैं बीते कुछ सालों से ये परंपरा ठंडी पड़ती जा रही है समय आ गया है कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को फिर से जिंदा किया जाए।




स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833